रांची, बुधवार | 17 जून 2026 | वर्ष-27, अंक-135, पृष्ठ-12

शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## रांची में तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सरकार और किसानों के साझा प्रयास से बदलेगी झारखंड की तस्वीर : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने किया कृषि व्यापार मेला के 'लोगो' का लोकार्पण
- राज्य के उत्कृष्ट किसानों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को 'झारखंड कृषि उत्पाद एवं व्यापार मेला 2026' के भव्य उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की आजादी के बाद सबसे पहली परिकल्पना हमारे अन्नदाता को लेकर ही की गई थी, इसीलिए 'जय जवान, जय किसान' का नारा बुलंद हुआ। उन्होंने कहा, खेती-बाड़ी और किसान का इतिहास इस धरती पर किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या संप्रदाय के वजूद में आने से कहीं पुराना है। कृषि ने ही घुमंतू इंसान को एक जगह ठहरकर समाज की नींव रखना सिखाया। यह मानव सभ्यता की एक अनवरत यात्रा है। मुख्यमंत्री सोरेन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आधी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी और आधी जिम्मेदारी किसानों को उठानी होगी। जब दोनों मिलकर प्रयास करेंगे, तो झारखंड के किसानों को कोई हरा नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक तथा राज्य सरकार की साझा सहयोग से ही राज्य की तस्वीर बदलेगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर कृषि व्यापार मेला-2026 के 'लोगो' का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने टाना भगत परिवारों को चार दुधारू पशुओं के शेड निर्माण के लिए शत-प्रतिशत अनुदान पर राशि (चेक) प्रदान की। साथ ही, राज्य के उत्कृष्ट किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, विभिन्न जिला के कृषि कार्यालयों में पशु चिकित्सक एवं अनुसेवक के पद के लिए नियुक्ति पत्र एवं 209 लोगों को डिजिटल एआई किट प्रदान किया।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की लगभग 80 प्रतिशत आबादी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण खेती कार्य में नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आने वाले समय में पीने और खेती के पानी का घोर संकट होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में भू-जल का लगातार सिर्फ दोहन ही हो रहा है। नियम यह है कि हम जितना धरती से लेते हैं, उसका कुछ हिस्सा हमें रिचार्ज पिट और सोक पिट के जरिए वापस लौटाना भी होगा, अन्यथा प्रकृति हमें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि हम पानी बचाएं। जल संचय पर ध्यान केंद्रित करें। खेतों तथा बंजर भूमि पर जल संचय के लिए जगह बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, दुनिया में आज जो चल रहा है, उससे सबसे अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं। जरूरत है कि इस संकट में हम किस प्रकार अपने किसानों को तैयार करें, ताकि कम पानी में अधिक उपज की जा सके। हर जगह जलवायु परिवर्तन की चिंता है। मुख्यमंत्री ने कहा, वैसे तो धरती में सबसे अधिक पानी ही है, लेकिन शत-प्रतिशत पानी उपयोग का नहीं है। किसानों से आग्रह है कि अपने-अपने खेतों में जल संचय के लिए काम करना शुरू कर दें, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज सड़कों और उद्योगों के नाम पर 50-100 साल पुराने जंगलों को उजाड़ा जा रहा है, जिससे शहर कंक्रीट के बेजान जंगल में तब्दील हो रहे हैं। इसके विपरीत, कटते पेड़ों के अनुपात में वृक्षारोपण की रफ्तार चींटी की चाल से भी कम है। उन्होंने कहा, विकास की लकीर के साथ खिंच रही इस विनाश की लकीर को रोकना होगा और इसमें आम जन-भागीदारी बेहद जरूरी है। हम नए युग में प्रवेश तो कर रहे हैं, लेकिन आने वाले विनाश के बाबत भी हमें संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

शेष पेज 11 पर



## बोले सीएम

- प्रकृति एवं विकास कार्य के बीच संतुलन जरूरी
- खेती-कृषि कार्य के लिए आधुनिक तकनीक अपनाएं किसान

### बिरसा हरित ग्राम योजना की वैश्विक गूंज, सिमडेगा का आम जा रहा लंदन

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बंजर भूमि और खेतों पर लगाए गए फलदार पौधों का परिणाम दिखने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा, हाल दिनों में ही सिमडेगा की जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदियां मुझसे मिलने आई थीं। उनके द्वारा बागवानी के माध्यम से उपजाया गया आम आज सीधे लंदन (इंग्लैंड) निर्यात हो रहा है। व्यक्तिगत प्रयासों और सरकारी योजनाओं के सही समन्वय से हमारे किसानों ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में किसानों की आय में वृद्धि हो, इसके लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत रही है। हमने पिछले कार्यकाल में बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू किया, जहां बंजर भूमि में फलदार पेड़ लगाने की शुरुआत की गई। वर्तमान समय में लगभग 1.50 लाख एकड़ बंजर जमीन में पेड़ लगाने का काम हुआ है।





### रासायनिक खाद का प्रयोग कम करें, जैविक खेती पर फोकस करें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों से आग्रह किया कि फसलों को उगाने में जहरीले पदार्थ का इस्तेमाल न करें। रासायनिक खाद का इस्तेमाल भी कम से कम हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चंद रुपयों की लालच में दूसरों की जान खतरे में न डालें, क्योंकि यह जहरीला अनाज घूमकर हमारे अपने परिवार के पेट में ही जाता है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक जैविक खाद उपयोग करने की अपील की, मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार इसके लिए एक सुलभ रास्ता तैयार कर रही है। जिन राज्यों में रासायनिक खाद का इस्तेमाल हुआ, वहां की फसल अब कोई लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व के दौर में झारखंड में लोग भूख से मरते थे, लेकिन पिछले 7-8 सालों के कार्यकाल में सरकार ने हर गरीब के घर को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत किया है। किसी की मौत भूख से नहीं हुई। राज्य सरकार झारखंड के कृषकों के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को मिलेगा 'मुख्यमंत्री सम्मान'

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कृषि विभाग को निर्देश दिया है कि वे राज्य के सभी बेहतर व आधुनिक खेती करने वाले किसानों की मैपिंग करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सीधे मुख्यमंत्री की तरफ से सम्मानित किया जाएगा और उन्हें तकनीकी उपकरणों से लैस करने के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा, कृषि व्यापार मेला का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया है कि कृषकों की आमदनी कैसे बढ़ाई जा सके। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। आपको भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। दोनों को समझना होगा कि सरकार कितना और किसान कितना भार उठा सकते हैं।

**विशेष किसान डिजिटल पोर्टल का निर्माण हो** — मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों के सवालों, जिज्ञासाओं और सुझावों के त्वरित निष्पादन के लिए विभाग को अविलंब एक विशेष पोर्टल तैयार करने का आदेश दिया है। इस पोर्टल पर किसान अपनी बातें रख सकेंगे और सरकार व वैज्ञानिक उन्हें तुरंत समाधान उपलब्ध कराएंगे।



## रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 35.4⁰ | अधिक. 35.9⁰ |
| न्यून. 24.0⁰ | न्यून. 24.0⁰ |

## दृष्टिपात

### बंदगांव में युवती की वज्रपात से मौत

**चाईबासा (प. सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीदिरी गांव में मंगलवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। मृत युवती की पहचान गांव निवासी गुंडई मुंडू की पुत्री सुरारी मुंडू (18 वर्ष) के रूप में की गई है। वहीं, प्रशासन की ओर से आपदा राहत सहायता के तहत मुआवजा देने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

### तपकरा में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**खूंटी।** खूंटी जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के तपकरा-बरदा पथ पर मंगलवार की शाम हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बाइक और स्कूटी में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। बाइक चला रहे बरदा निवासी अनुज गुड़िया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## गुमला के घाघरा में बुजुर्ग की डंडे से पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चट्टी गांव में एक वृद्ध व्यक्ति की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृत वृद्ध की पहचान चट्टी गांव निवासी धना उरांव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह की है। परिजनों ने कहा कि धना उरांव रोज की तरह शौच के लिए घर से खेत की ओर निकले थे। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर गांव के ही छोटू उरांव ने उन पर डंडे से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## डायन-बिसाही के शक में हत्या की आरोपी महिला दोषी करार

**नवीन मेल संवाददाता**

25 जून को होगी सजा के बिंदु पर सुनवाई

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के जामुन टोली में वर्ष 2022 में डायन-बिसाही के शक में हुई महिला की हत्या के मामले में अपर न्यायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मंगलवार को आरोपी बाशो देवी को दोषी करार दिया। अदालत अब 25 जून 2026 को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल नौ गवाहों की गवाही दर्ज की गई। घटना 23 जुलाई 2022 की सुबह करीब 5 बजे की है। उस दिन सीमा देवी अपने घर के पास चापाकल पर बर्तन धो रही थीं, तभी आरोपी बाशो देवी ने उन पर डायन-बिसाही के शक में हमला कर दिया। आरोपी ने सीमा देवी के सिर पर कई बार वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्राथमिकी के अनुसार, यह मामला केवल अंधविश्वास तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके पीछे जमीन विवाद की पृष्ठभूमि भी सामने आई है। मृत महिला के पति चामू लोहरा के परिवार से जुड़े जमीन विवाद को लेकर लंबे समय से तनाव की स्थिति बताई जाती है। आरोप है कि जमीन पर कब्जे की नीयत से मृतका को पहले भी डायन-बिसाही का शेष पेज 11 पर

## रांची विश्वविद्यालय में दूसरे और चौथे शनिवार को रहेगा अवकाश

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय मुख्यालय के कार्य संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब विश्वविद्यालय में प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहेगा। इसके साथ ही मुख्यालय के कार्यालयों के लिए नया कार्य समय भी निर्धारित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय के सभी कार्यालय अब दिन में 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित होंगे। इस दौरान कुल साढ़े सात घंटे की कार्य अवधि सुनिश्चित की जाएगी। मंगलवार को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है शेष पेज 11 पर

## हजारीबाग में कोल माइनिंग कंपनी के परियोजना कार्यालय में तोड़फोड़

- हमले में कार्यालय की संपत्ति और संरचनाओं को पहुंचा भारी नुकसान
- एनटीपीसी की बादम कोल खनन परियोजना के लिए काम कर रही कंपनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में एनटीपीसी की बादम कोल खनन परियोजना के लिए काम करने वाली बीजीआर इंफ्रा माइनिंग के अंबाजीत स्थित साइट कार्यालय पर मंगलवार तड़के बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों ने धावा बोलकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रहीं। घटना तड़के करीब पांच बजे की बताई जा रही है। हमले में कार्यालय की संपत्ति और संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। हमले में किसी कर्मचारी के घायल होने की सूचना नहीं है।

बादाम कोल परियोजना एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजना है, जबकि बीजीआर इंफ्रा माइनिंग इसमें माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) के रूप में काम कर रही है। परियोजना शुरू होने के बाद से ही भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा और स्थानीय लोगों को रोजगार देने जैसे मुद्दों को लेकर ग्रामीणों और कंपनी प्रबंधन के बीच विवाद बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शेष पेज 11 पर

## प्रगति

### मुख्य सचिव की अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक

# दुर्लभ खनिजों के खनन में दिखाई रुचि

- यूएसआईएसपीए ने नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की जताई इच्छा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में परंपरागत खनिजों के अलावा दुर्लभ खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज, खनन, प्रसंस्करण एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इस संबंध में मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार की अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक के दौरान झारखंड में खनिज क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की गई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि राज्य में कोयला, लौह अयस्क, तांबा, बॉक्साइट, सोना, लाइम स्टोन जैसे परंपरागत खनिजों के विशाल भंडार उपलब्ध हैं तथा इनके खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य में दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित 20 से अधिक खनिज हैं, जिनमें लिथियम, टाइटेनियम, वैनेडियम, सिल्वर, ग्रेफाइट सहित कई महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। साथ ही, दुर्लभ खनिजों के नए क्षेत्रों की अन्वेषण की प्रक्रिया भी निरंतर संचालित की जा रही है। बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई

शेष पेज 11 पर

### अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से कार्य किए जाने की संभावनाओं पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के माध्यम से अमेरिकी कंपनियों को झारखंड में खनन, खनिज अन्वेषण एवं उन्नत तकनीक आधारित गतिविधियों से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया। यह भी बताया गया कि इस क्षेत्र में उन्नत तकनीक के साथ कार्य कर रही विश्व की विभिन्न अग्रणी कंपनियों के साथ राज्य सरकार द्वारा निरंतर संपर्क स्थापित किया जा रहा है तथा इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी हुई है। बैठक में इच्छुक कंपनियों द्वारा खनिज ब्लॉक प्राप्त कर अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से कार्य किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

## चतरा में 13 लाख की अफीम के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

### तस्करी में प्रयोग हुई बाइक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पत्थलगड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के सिरकोल गांव में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने करीब 13 लाख रुपये मूल्य की 2.567 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ खैरा गांव निवासी मनीष मुंडा के रूप में हुई है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नागरगोजे शुभम भाऊसाहब ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अफीम की खेप लेकर पत्थलगड़ा के रास्ते गिद्धौर की ओर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सत्यापन कराया गया और एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि गठित टीम ने सिरकोल क्षेत्र में वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। शेष पेज 11 पर

## 'युवा संगम' कार्यक्रम में राज्यपाल का संवाद, कहा

# भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को लोक भवन में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा आयोजित 'युवा संगम' कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईटी इंदौर से आए विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है और ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की सांस्कृतिक समृद्धि को नजदीक से जानने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत की भूमि है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि झारखंड का अनुभव और यहां के लोगों का आत्मीय स्नेह विद्यार्थियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी का युग है तथा युवाशक्ति ही राष्ट्रशक्ति है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सोच, संकल्प और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश "विकसित भारत @2047" के लक्ष्य की ओर अग्रसर है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनुसंधान, नवाचार और बहुआयामी शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि केवल उत्कृष्ट करियर बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील, उत्तरदायी और नैतिक नागरिक बनना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान होना चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज और मानवता के हित में करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि 'युवा संगम' कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और वे झारखंड की संस्कृति, लोगों के स्नेह तथा "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के संदेश को अपने साथ लेकर लौटेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद एवं आईआईटी इंदौर के शिक्षकगण, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



### राज्यपाल से मिलीं सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरिन, नेत्र शिविर की दी जानकारी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरिन ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरिन ने राज्यपाल को अवगत कराया कि मुख्यालय पूर्वी कमान एवं मुख्यालय 111 एरिया के तत्वावधान में 15 से 19 जून तक मिलिट्री हॉस्पिटल, नामकुम में एक विशेष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों, जनजातीय समुदाय के लोगों एवं आम नागरिकों को नेत्र परीक्षण, परामर्श तथा विभिन्न उन्नत नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेगा चिकित्सा शिविर समाज के सभी वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 'पॉलिथीन मुक्त अभियान' व पर्यावरण संरक्षण प्रयासों की दी जानकारी




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रामगढ़ निवासी उपेन्द्र पांडेय एवं अन्य सदस्यों के शिष्टमंडल ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिष्टमंडल ने अपने द्वारा चलाए जा रहे 'पॉलिथीन मुक्त अभियान' के अंतर्गत किए जा रहे जन-जागरुकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रयासों की जानकारी दी।शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि वे लोगों को पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करते हैं तथा पौधारोपण के प्रति भी जागरुकता फैलाते हैं। इसके साथ ही 'सेल्फी विद झोला' अभियान के माध्यम से कपड़े एवं पर्यावरण-अनुकूल झोलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वे विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट कार्यों पर भी जागरुकता फैलाई जा रही है।

---

**रास चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक**

## महागठबंधन की एकजुटता से जीत तय : दीपिका पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा के समर्थन में चुनावी अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में रांची स्थित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय में राजद विधायकों एवं इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती और साझा राजनीतिक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास आवश्यक संख्या बल नहीं है और वह झारखंड की जनभावनाओं के अनुरूप स्पष्ट नीति नहीं रखती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, जिसका राजनीतिक जुड़ाव समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहा है। इसके विपरीत, महागठबंधन झारखंड के हितों और साझा मूल्यों के आधार पर पूरी तरह एकजुट है। दीपिका पांडेय सिंह ने विश्वास जताया कि महागठबंधन की एकजुटता और विधायकों के समर्थन से राज्यसभा उम्मीदवार बैजनाथ राम एवं प्रणव झा की जीत सुनिश्चित है। बैठक में राजद प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ऑर्गन एवं टिश्यू डोनेशन विषयक कार्यशाला में हुए सम्मिलित, कहा**

# अंगदान कई व्यक्तियों के जीवन की नई शुरुआत बन सकती है

- अंगदान के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता आवश्यक है

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ऑर्गन एवं टिश्यू डोनेशन (अंग एवं ऊतक दान) का विषय महत्वपूर्ण है। इसके लिए लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है। इसके कानूनी पहलुओं को भी जानने होंगे। ऑर्गन एवं टिश्यू डोनेशन के लिए राज्य सरकार भी पहल कर रही है। अंगदान कई अन्य व्यक्तियों के जीवन की नई शुरूआत बन सकती है। लोगों के जीवन में नई उम्मीद और खुशियां ला सकता है। अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आम लोगों को मिलकर कार्य करनी चाहिए। मुख्यमंत्री आज बारियातू रोड स्थित एक होटल में मोहन फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'अंग और ऊतक दान में सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां' कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला का आयोजन कर संस्थान ने एक अच्छी पहल की है। स्वस्थ समाज के निर्माण को लेकर राज्य सरकार भी गंभीरता से कार्य कर रही है। अस्पतालों में किसी व्यक्ति की मृत्यु उपरांत उनके परिवारवालों से बातचीत की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान मानवता, संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उतरदायित्व का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक आधारित चिकित्सा प्रणाली है। चिकित्सा जगत में बड़े पैमाने पर तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। रोबोटिक ऑपरेशन हो रहे हैं। लिवर, किडनी का प्रत्यारोपण हो रहा है। झारखंड सरकार भी स्वस्थ झारखंड निर्माण के दिशा में सकारात्मक कार्य कर रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, मणिपाल ऑर्गन शेयरिंग के कंट्री हेड कर्नल अवनीश, मोहन फाउंडेशन के कंट्री हेड ललिता रघुराम, क्रिटिकल केयर मणिपाल के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार मिश्रा, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के संस्थापक निदेशक डॉ बी कश्यप सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह राष्ट्रीय अंबेडकर अवॉर्ड से सम्मानित

- सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बांसफोर ने प्रदेश कार्यालय रांची में आकर सौंपा अवॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को राष्ट्रीय अंबेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष, दर्जनों लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सह बहुजन साहित्य अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल बांसफोर के द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय आकर यह अवॉर्ड संगठन महामंत्री को सौंपा। इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता सह रांची में अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष अनिल बांसफोर ने बताया कि 15 मार्च, 2026 को जीएसकेआर भवन बैरागीपट्टेदा तिरुपति आंध्रप्रदेश में बहुजन साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड प्रदेश के भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को राष्ट्रीय अंबेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जिसे उन्होंने 16 जून को स्वयं राँची स्थित भाजपा कार्यालय पर आकर यह अवॉर्ड संगठन महामंत्री को प्रदान किया। उन्होंने बताया कि यह अवॉर्ड इसलिए प्रदान किया गया है क्योंकि संगठन महामंत्री झारखंड प्रदेश के दलित, गरीब, शोषित, पीड़ित, आदिवासी, खिलाड़ी एवं विशेषकर सफाई कर्मचारियों के परिवार को हरसंभव आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। बताया कि यह अवॉर्ड दलित, गरीब, वंचित समाज के उत्थान हेतु काम करने वाले विशिष्ट जनों को प्रदान किया जाता है। इधर इस मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मतलब ही जनसेवा और राष्ट्रसेवा है। भाजपा के एक एक कार्यकर्ता का जीवन देश सेवा, समाज सेवा और जरूरतमंदो की सेवा में समर्पित है। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विकास प्रीतम सिन्हा , सरोज सिंह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा को अपने विधायकों पर नहीं भरोसा : सोनाल शांति



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वयं को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बताने वाली भाजपा के नेताओं को आज अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ रहे हैं। सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड की जनता जानना चाहती है कि आखिर ऐसी क्या स्थिति उत्पन्न हो गई है कि भाजपा को अपने विधायकों को एक स्थान पर रखने की आवश्यकता महसूस हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त तथा सत्ता परिवर्तन की राजनीति करने वाली भाजपा आज खुद अपने विधायकों के टूटने की आशंका से घिरी हुई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि उसके सभी विधायक एकजुट हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी के भीतर मतभेद उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई विधायक अपने स्तर पर अलग राय रखते हैं। सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मजबूती से काम कर रही है।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस करेगी देशव्यापी आंदोलन : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक बड़े और व्यापक देशव्यापी आंदोलन का शंखनाद जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी अब चुप बैठने वाली नहीं है, बल्कि जनता से जुड़े संवेदनशील और गंभीर मुद्दों को लेकर सीधे सड़क पर उतरने की पूरी तैयारी कर चुकी है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आगामी आंदोलन के केंद्र में कई प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दे होंगे, जिन्होंने आम जनता और युवाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुई कथित धांधली और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ एक प्रमुख मुद्दा होगा। वहीं लगातार बढ़ती कमरतोड़ महंगाई और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी की गंभीर समस्या बन गई है, जिसके खिलाफ कांग्रेस जनता का आवाज बनेगी। इसके अलावा मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया और हाल ही में चर्चा में रही सीट चोरी को मुद्दा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हाल ही में मध्य प्रदेश और झारखंड में हुए राज्यसभा चुनावों से जुड़े विवादों को भी अपने इस राष्ट्रव्यापी अभियान का एक प्रमुख हिस्सा बनाएगी।

**राज्यसभा चुनाव** दो सीटों पर तीन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से हुआ मुकाबला रोमांचक

# एनडीए के विधायक 18 जून तक एक साथ रहेंगे, इंडी गठबंधन करेगा मॉक पोल

**नवीन मेल संवाददाता**




**16 और 17 जून को होने वाली इन बैठकों में मतदान प्रक्रिया को लेकर मॉक पोल कराया जाएगा**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को होने वाले मतदान से पहले सियासी तापमान लगातार बढ़ रहा है। दो सीटों पर तीन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोमांचक हो गया है। संख्या बल अपने पक्ष में होने के दावों के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमे किसी तरह की चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते।

संभावित क्रॉस वोटिंग की अटकलों और चुनावी गणित को साधने की कवायद के बीच राज्य में होटल पॉलिटिक्स, बाड़ेबंदी और मॉक पोल जैसी गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे परिमल नाथवानी को समर्थन दे रहे एनडीए ने अपने विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति अपनाई है।

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा और सहयोगी दलों के कई विधायक मंगलवार को रांची के रेडिसन ब्लू होटल पहुंच गए। नाथवानी भी यहीं ठहरे हुए हैं। विधायकों और नेताओं के लिए 18 जून तक होटल में 32 कमरे आरक्षित किए गए हैं। मतदान के दिन सभी विधायक यहीं से एक साथ विधानसभा के लिए रवाना होंगे। दूसरी ओर, झारखंड के सत्तारूढ़ आईएनडीआईए गठबंधन ने भी अपने विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री आवास में बुलाई है।

16 और 17 जून को होने वाली इन बैठकों में मतदान प्रक्रिया को लेकर मॉक पोल कराया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं विधायकों के साथ चुनावी रणनीति पर मंथन करेंगे। झारखंड विधानसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए लगभग 28 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता है। यानी दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए 56 वोट चाहिए। सत्तारूढ़ आईएनडीआईए गठबंधन दावा कर रहा है कि उसके पास दोनों उम्मीदवारों को जिताने लायक पर्याप्त संख्या बल मौजूद है।

गठबंधन की ओर से झामुमो के बैजनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा मैदान में हैं। निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी ने कहा कि वह विधानसभा के सभी 81 सदस्यों से समर्थन की अपील कर रहे हैं और उन्हें एनडीए के अलावा अन्य दलों के विधायकों का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने हाल के दिनों में कई बार कहा कि विधायक दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर 'अंतरात्मा की आवाज' पर मतदान करें। नाथवानी यह भी याद दिला रहे हैं कि वर्ष 2008 और 2014 में वह झारखंड से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा पहुंचे थे और तब उन्हें विभिन्न दलों के विधायकों का समर्थन मिला था। इसी दावे और संख्या बल के मौजूदा गणित ने चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। अब राजनीतिक हलकों की नजर इस बात पर टिकी है कि 18 जून को विधानसभा के भीतर अंकगणित हावी रहता है या फिर कोई नया राजनीतिक संदेश निकलकर सामने आता है।

## दृष्टिपात

### कल्पना सोरेन ने श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना, राज्य की सुख-समृद्धि की कामना



**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी कि उन्होंने गिरिडीह स्थित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से समस्त झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से झारखंड निरंतर विकास, शांति और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहे। सोशल मीडिया पोस्ट में विधायक ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास तथा लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए "हर-हर महादेव" का उद्घोष भी किया। कल्पना सोरेन ने अपने संदेश में धार्मिक आस्था के साथ-साथ राज्य की उन्नति, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण की भावना को भी प्रमुखता से रखा।

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर समाजसेवी संजय सर्राफ हुए सम्मानित



- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुस्तिका देकर किया सम्मानित

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिष्ठित समाजसेवी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रांची के कांके रोड स्थित भुवालका हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी संजय सर्राफ को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संजय सर्राफ को अंगवस्त्र, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं विशेष पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे समाजसेवियों का सम्मान करना गौरव की बात है। समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने संजय सर्राफ के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अजय मारू, पार्षद नकुल तिर्की, भगवती भुवालका, मुकेश काबरा, कैलाश सिंघानिया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, रविंद्र मोदी, जयंत शाहदेव, पुष्पा भुवालका, आदित्य भुवालका सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड की नई फिल्म नीति में भोजपुरी भाषा को शामिल करने की मांग



- मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड के कला, संस्कृति, युवा कार्य एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से कलाकारों और फिल्म क्षेत्र से जुड़े एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की नई फिल्म नीति में भोजपुरी सहित अन्य सभी क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को शामिल करने की मांग उठाई। साथ ही, सभी भाषाओं की फिल्मों को प्रोत्साहन और सब्सिडी देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष यह विशेष मांग भी रखी कि जिन-जिन भाषाओं को शामिल करने की मांग की जा रही है, उन भाषाओं की फिल्मों की शूटिंग के लिए राज्य में अलग से एक विशेष और स्पष्ट नीति (शूटिंग पॉलिसी) बनाई जाए, ताकि फिल्म निर्माताओं को काम करने में कोई परेशानी न हो। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड अपनी कला, संस्कृति और भाषाई विविधता के लिए जाना जाता है। यहाँ नागपुरी, कुरुख, मुंडारी, संथाली, खोरठा के साथ-साथ भोजपुरी, मगही, मैथिली, हिंदी, बंगाली और पंजाबी बोलने वाले लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। इसलिए नई फिल्म नीति को समावेशी बनाया जाए ताकि सभी भाषाओं की फिल्मों को समान अवसर मिल सके। यहाँ बेहतरीन पहाड़, झरने, जंगल और ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं। अगर तय मानकों के तहत सब्सिडी और सुविधाएं मिलेंगी, तो स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार कलाकारों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन सभी सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में आशुतोष द्विवेदी, संजय पुजारी (फिल्म पीआरओ), लव पाठक (लाइन प्रोड्यूसर), अशोक कुमार, बृजेश कुमार तथा मिथिला युवा मंच के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव से मिले अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू



**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने आज झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात कर जैन समाज के साधु-साध्वियों के आगामी चतुर्मास एवं पदविहार के दौरान सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान श्री मथारू ने बताया कि जैन समाज के साधु-साध्वियों का चतुर्मास एवं पदविहार कार्यक्रम 25 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। इस अवधि में साधु-साध्वियों का विभिन्न जिलों एवं मार्गों से होकर आगमन एवं प्रवास होगा। उन्होंने राज्य के सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया ताकि साधु-साध्वियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि साधु-साध्वियों के ठहराव एवं रात्रि विश्राम के लिए आवश्यकता अनुसार सामुदायिक भवनों, धर्मशालाओं अथवा अन्य उपयुक्त सरकारी परिसरों में व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। श्री मथारू ने पदविहार मार्गों पर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि साधु-साध्वियों के आगमन की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराएं तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने विषय की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा संबंधित विभागों के साथ समुचित समन्वय स्थापित करने का आश्वासन दिया।

**हरमू इलाके में सेक्स रैकेट की सूचना पर छापेमारी**

# छह युवक और दो युवतियां हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हरमू इलाके में सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर छह युवकों और दो युवतियों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है और मामले के नेटवर्क तथा संचालकों की पहचान में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हरमू स्थित बिजली कार्यालय के पीछे शिवम पैलेस नामक परिसर में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वहां छापेमारी की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पूछताछ और तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यहां किस प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता थी। उल्लेखनीय है कि रांची में पिछले कुछ समय के दौरान संदिग्ध देह व्यापार और अनैतिक गतिविधियों को लेकर कई स्थानों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। हाल के महीनों में लालपुर क्षेत्र में भी इसी तरह की शिकायतों के आधार पर छापेमारी की गई थी।

### किराये के भवन से संचालित नेटवर्क की पड़ताल में जुटी पुलिस

कार्रवाई के दौरान छह युवक और दो युवतियां मौके से मिलीं, जिन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हिरासत में ली गई युवतियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली बताई जा रही हैं, जबकि युवक रांची और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवतियों को यहां किस माध्यम से लाया गया और इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि संबंधित भवन को कथित रूप से एक व्यक्ति ने किराये पर लेकर संचालित किया था। पुलिस उसकी भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। मौके से बरामद मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सामग्री को जब्त कर जांच की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।



**रांची नगर निगम की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश**

# भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन पर नहीं मिलेगी छूट : नगर आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में नगर निवेशक शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में हो रहे अनाधिकृत निर्माण, गिफ्ट डीड भूमि की स्थिति, सेट बैक एरिया, पार्किंग व्यवस्था तथा भवन उपविधि (बिल्डिंग बाय-लॉ) के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने नगर निवेशक एवं सहायक नगर निवेशकों को निर्देश दिया कि शहर में सघन जांच अभियान चलाकर अनाधिकृत निर्माणाधीन भवनों, गिफ्ट डीड भूमि पर अतिक्रमण, सेट बैक नियमों के उल्लंघन तथा पार्किंग व्यवस्था की माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले भवन स्वामियों एवं बिल्डरों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
बैठक के दौरान नगर आयुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी व्यावसायिक भवनों में निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग केवल वाहन पार्किंग के लिए ही सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। गिफ्ट डीड भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की पहचान कर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि गिफ्ट डीड भूमि पर अस्थायी प्रचार-प्रसार बोर्ड या अन्य संरचनाओं का निर्माण न किया जाए। ऐसे मामलों में तत्काल हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि पूर्व में स्वीकृत भवनों में फायर सेफ्टी व्यवस्था तथा 3200 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कार्यशीलता की



जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किए जाने या गिफ्ट डीड भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने की स्थिति में संबंधित बिल्डरों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि रांची को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध शहर के रूप में विकसित करना निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए भवन निर्माण से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के समुचित विकास, नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बैठक में उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू, कार्यपालक अभियंता-सह-नगर निवेशक, सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रांची नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान कई दुकानें व ठेले हटाए, 11 हजार जुर्माना वसूला

**रांची।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क, फुटपाथ एवं नालियों पर किए गए अवैध क जों को हटाने के साथ-साथ अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना भी लगाया गया। नगर निगम की टीम ने अरगोड़ा चौक से डीपीएस स्कूल तक अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अस्थायी निर्माण, नालियों के ऊपर बनाई गई अवैध संरचनाओं तथा पांच दुकानों को हटाया। वहीं भवन निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वाले संबंधित व्यक्तियों पर कुल छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बरियातू रोड स्थित रिम्स के समीप चलाए गए अभियान में सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों और काउंटर ठेलों को जब्त किया गया। इस क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालों से पांच हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। कचहरी चौक में चलाए गए अभियान के दौरान सात ठेले और 20 कैरेट अन्य सामान जब्त किए गए। वहीं मेन रोड क्षेत्र में भी सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध क जों को हटाते हुए अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई।

## मारवाड़ी युवा मंच की अन्नपूर्णा सेवा का जरूरतमंदों को मिला लाभ




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे "प्यार बांटते चलो" स्लोगन के अंतर्गत अन्नपूर्णा सेवा का तीसरा माह का सेवा कार्य हरमू रोड स्थित गौशाला परिसर में सम्पन्न कराया गया। यह सेवा कार्य पिंकी शर्मा और वीना शर्मा के सौजन्य से किया गया, जिसमें जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाखा की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा जनसेवा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, शायरी अग्रवाल, वेदिका सिंघानिया, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार, पिंकी शर्मा, वीणा शर्मा, सौम्या सामोता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं। उपरोक्त जानकारी शाखा की मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

## आरपीएफ की तत्परता से लापता किशोरी कानपुर से हुई बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची से लापता हुई 16 वर्षीय एक किशोरी को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तत्परता एवं समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश के कानपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोरी 15 जून की शाम घर से निकल गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद उसके संबंध में सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। जांच के दौरान परिजनों को रेलवे का टिकट मिलने पर मामले की जानकारी आरपीएफ को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं संबंधित इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित किया। जांच एवं ट्रैकिंग के आधार पर किशोरी का पता उत्तर प्रदेश के कानपुर में लगाया गया, जहां से उसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया। किशोरी के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और आरपीएफ के त्वरित सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देने की अपील की है।



**दृष्टिपात**

### उत्कर्षिता वर्मा ने क्षेत्रीय भाषण प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान, बढ़ाया मान



**रांची।** आईसीएआई की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) द्वारा आयोजित सीए स्टूडेंट्स नेशनल टैलेंट सर्च 2026 की क्षेत्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में रांची ब्रांच की छात्रा उत्कर्षिता वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य और संस्थान का नाम रोशन किया है। उत्कर्षिता वर्मा ने अपनी प्रभावशाली भाषण शैली, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता को रांची ब्रांच के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर रांची ब्रांच के चेयरमैन सीए अनीश जैन, सीआईसीएएसए रांची के चेयरमैन सीए हरेंद्र भारती तथा को-ऑप्टेड मेंबर सीए विवेक खोवाल ने उत्कर्षिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्कर्षिता की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है और इससे युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सार्वजनिक भाषण कौशल के प्रति उत्साह बढ़ेगा। रांची ब्रांच के पदाधिकारियों एवं छात्रों ने भी उत्कर्षिता वर्मा की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### 30 जून तक होल्डिंग टैक्स के एकमुश्त भुगतान पर 10% तक की छूट

**रांची।** रांची नगर निगम वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए होल्डिंग टैक्स भुगतान को लेकर करदाताओं को विशेष छूट दे रहा है। 30 जून तक अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर करदाता निगम की ओर से दिए जा रहे अधिकतम 10 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। निगम ने बताया कि छूट योजना की अंतिम तिथि में अब केवल 14 दिन शेष हैं, इसलिए नागरिक समय रहते भुगतान कर इस सुविधा का लाभ लें। करदाताओं की सुविधा के लिए निगम ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टैक्स भुगतान की व्यवस्था की है। लोग स्मार्ट रांची ऐप, व्हाट्सऐप चैटबॉट, निगम की आधिकारिक वेबसाइट, जन सुविधा केंद्र और अधिकृत कर संग्राहकों के माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकते हैं। निगम ने लोगों से अपील की है कि वे डिजिटल माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करें और समय पर होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर न केवल छूट का लाभ उठाएं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करें।

### सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, अधिकारियों ने ली शपथ




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि व्यक्तिगत एवं सामाजिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्यस्थल, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप सीसीएल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत मुख्यालय सहित सभी कोयला क्षेत्रों में विविध जन-जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना है। पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, श्रमदान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण, कार्यालय एवं अस्पताल परिसरों की विशेष सफाई, अपशिष्ट पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विद्यालयों एवं समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वच्छता कर्मियों के सम्मान जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का समापन स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता के संकल्प के साथ किया गया।

### गुरुद्वारा मेन रोड में आज सजेगा विशेष दीवान

**रांची।** सिखों के पांचवें गुरु शांति के पुंज गुरु अर्जन देव का पावन शहादत पर्व रांची की समूह संगत के सहयोग से विशेष दीवान सजाया जाएगा। यह विशेष दीवान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेन रोड रांची की ओर से बुधवार को गुरुद्वारा साहिब मेन रोड रांची में सजाया जाएगा। संध्या सात बजे से रात्रि 9:30 बजे तक सजाया जाएगा। वहीं गुरुवार को विशेष दीवान गुरु नानक स्कूल पीपी कंपाउंड रांची मे सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक सजाया जायेगा।

**आज / कल**




## गायत्री महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 60 लोगों ने ली गुरु दीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

- **मनुष्य को वही करना चाहिए जिससे सबका हित हो : संतोष कुमार संगम**

**रांची।** नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथामृतम कार्यक्रम के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संतोष कुमार संगम ने कहा कि मनुष्य को वही कार्य करना चाहिए जिससे सभी का हित हो। उन्होंने कहा कि विचारों को संयमित रखने के लिए उन्हें किसी श्रेष्ठ उद्देश्य से जोड़ना आवश्यक है। मनुष्य का जीवन ही प्रत्यक्ष देवता है और जीवन देवता की उपासना का फल इसी लोक में प्राप्त हो जाता है।
शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधिमंडल ने वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञीय अनुष्ठान एवं जयघोष के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान 60 श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र की गुरु दीक्षा ग्रहण की। इसके अलावा जन्मदिन संस्कार, पुंसवन संस्कार, नामकरण संस्कार, विद्यारंभ संस्कार एवं अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराए गए। महायज्ञ स्थल पर अंतिम दिन निःशुल्क बीपी, नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सभी श्रद्धालुओं को गायत्री परिवार की ओर से एक-एक पौधा भेंट किया गया। संध्याकालीन सत्र में गायत्री दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। दीपयज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतोष कुमार संगम ने कहा कि कथाएं मानव जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं और व्यक्ति के विचार एवं आचरण को दिशा देती हैं।

**रांची में जलजमाव से नाराज झारखंड चैंबर**

## नगर निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार बढ़ती जलजमाव की समस्या को लेकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रांची नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की है। इस मुद्दे पर चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को महापौर, उपमहापौर एवं नगर निगम अधिकारियों से मुलाकात कर शहर के विभिन्न रिहायशी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्पन्न जलजमाव की स्थिति से अवगत कराया।
चैंबर के प्रतिनिधियों ने कहा कि बड़ा तालाब क्षेत्र, पीपी कंपाउंड, नाला रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बंशीधर अडूकिया रोड, मेन रोड तथा उर्दू लाइब्रेरी क्षेत्र सहित कई इलाकों में हर वर्ष जलजमाव की गंभीर समस्या बनी रहती है। इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर चिंता जताई गई।प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम अधिकारियों द्वारा फंड की कमी, प्राक्कलन तैयार होने और प्रक्रिया में देरी जैसे कारणों का हवाला देकर जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आश्वासन और कागजी कार्रवाई के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। चैंबर ने कहा कि थोड़ी सी बारिश में ही राजधानी की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है और आम नागरिकों का जीवन प्रभावित होता है। कई क्षेत्रों में नालियों का गंदा पानी घरों, मंदिरों, अस्पतालों और धर्मशालाओं तक पहुंच जाता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं।प्रतिनिधियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वर्षों बाद भी स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है तो यह प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि राजधानी राज्य का चेहरा होती है, लेकिन मौजूदा स्थिति सरकार और प्रशासन की छवि को प्रभावित कर रही है।झारखंड चैंबर ने इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री एवं नगर विकास विभाग के मुख्य सचिव से हस्तक्षेप की अपील की है। साथ ही कहा गया है कि राजधानी की जनता और व्यापारी वर्ग को हर वर्ष जलजमाव की त्रासदी से राहत मिलनी चाहिए।



- **बड़ा तालाब, पीपी कंपाउंड, नाला रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, मेन रोड सहित कई क्षेत्र प्रभावित**

## अंचलों में जनता दरबार का आयोजन 827 मामलों का हुआ निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री के कुशल मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन जनता दरबारों में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया जा रहा है, जबकि शेष मामलों के समाधान की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। मंगलवार को जिले के विभिन्न अंचलों में आयोजित जनता दरबारों में कुल 827 आवेदनों का निष्पादन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जनता दरबार जिले की लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि हर मंगलवार को अंचल स्तर पर आयोजित होने वाले इन दरबारों के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान का अवसर मिल रहा है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं प्रमाण-पत्र संबंधी आवेदनों के लिए संबंधित अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अवश्य उपस्थित हों। प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### आज शहर के बड़े इलाके में नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** शहर के बड़े इलाके में बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान विद्युत प्रमंडलों में प्री-मानसून की तैयारी को लेकर मरम्मत कार्य होगा। कांके रोड स्थित लेक एवेन्यू गली में बुधवार को एलटी कवर वायर लगाने का कार्य होगा। यह कार्य न्यू कैपिटल डिविजन अंतर्गत किया जाएगा। इसके कारण सुबह 10 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। पंडरा आईटीआई के 11 केवी टाउन फीडर में पेड़ की डालियों की छटाई से संबंधित कार्य होगा। इसके कारण सुबह 11.30 से दोपहर एक बजे तक पहाड़ी टोला, बाजरा, नोवा नगर, जोजो नगर, फारेस्ट कॉलोनी, कटहल मोड़, चाला टोली, मेकॉन कॉलोनी, न्यू शाहदेव सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे। सेल सिटी सब स्टेशन में पावर ट्रांसफॉर्मर बदलने कार्य होगा। इसके कारण सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक सेल सिटी गेट, ऋषभ नगर, साई सिटी, विधानसभा थाना आसपास का इलाका प्रभावित रहेगा।

**धर्म-कर्म** हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ से गुंजायमान हुआ श्री श्याम मंदिर

# महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न

- **विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा चना, केसरिया पेड़ा, गिरिगोला एवं फल प्रसाद सेवा अर्पित की गई**
- **अग्रवाल परिवार ने बालाजी महाराज को केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल अर्पित किया**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 208वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया द्वारा नवीन एवं नेहा अग्रवाल से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करवाकर किया गया। अग्रवाल परिवार ने बालाजी महाराज को केसरिया पेड़ा, गुड़, चना एवं फल प्रसाद का भोग अर्पित किया। इसके उपरांत नवीन अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन कर पाठ वाचकों का चंदन-वंदन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक और ढपली की मधुर स्वर लहरियों के बीच गणेश वंदना के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रवण ढानढनिया, प्रभुदयाल नारसरिया एवं रेखा नारसरिया द्वारा चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार द्वारा केसरिया पेड़ा सेवा, मनीष साहू द्वारा गिरिगोला सेवा तथा राजेश जायसवाल द्वारा फल प्रसाद सेवा अर्पित की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, नवीन अग्रवाल, नेहा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### 20 जून को होगा 205वां श्री श्याम भंडारा

मंडल द्वारा हर शनिवार आयोजित किए जाने वाले श्री श्याम भंडारे की श्रृंखला में 20 जून को 205वें भंडारे का आयोजन संध्या 5 बजे से किया जाएगा। यह भंडारा गोविंद मोदी एवं उनके परिवार की ओर से निवेदित किया जाएगा। मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उक्त जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# लाइट हाउस जनकल्याण समिति का गठन, मांगों पर आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** धुर्वा स्थित लाइट हाउस परिसर में रहने वाले लाभुकों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से लाइट हाउस जनकल्याण समिति का गठन किया गया। बैठक में समिति के 30 कार्यकारिणी पदाधिकारियों की घोषणा की गई तथा 5 सूत्री मांग प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता लाभुक निर्मला देवी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित रहे और उन्होंने नियमित जलापूर्ति, सीवरेज सफाई, लिफ्ट संचालन एवं केयरटेकर की कथित मनमानी जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में राजद प्रवक्ता कैलाश यादव शामिल हुए। लाभुकों ने उन्हें सर्वसम्मति से लाइट हाउस जनकल्याण समिति का मुख्य संयोजक मनोनीत किया। वहीं परमेश्वर सिंह (पार्षद) एवं सुबोध सिंह (अधिवक्ता) को सह संयोजक बनाया गया। महामंत्री पद पर संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, सह कोषाध्यक्ष नितिन कुमार तथा मीडिया प्रभारी कृष्ण कु बबलू को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक में पारित 5 सूत्री प्रमुख मांगों में आवास का निबंधन कर मालिकाना हक देने, नियमित पानी-बिजली एवं सीवरेज सफाई सुनिश्चित करने, दोनों लिफ्टों का 24 घंटे संचालन, मैरेज हॉल एवं मार्केट निर्माण तथा वर्तमान केयरटेकर पर कथित मनमानी एवं अनियमितताओं पर कार्रवाई की मांग शामिल है। लाभुकों ने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट में लगभग 1008 आवास बनाए गए थे, जिनमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर आवास उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन वर्तमान में मूलभूत सुविधाओं की कमी से लोग परेशान हैं। मुख्य संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि परियोजना में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं और निवासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर भारी शुल्क वसूला जा रहा है जबकि जलापूर्ति, सफाई और लिफ्ट जैसी सेवाएं बाधित हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रीम प्रोजेक्ट था, लेकिन मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नगर प्रशासक एवं संबंधित उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान की दिशा में पहल की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति की अगली महत्वपूर्ण बैठक 19 जून को जगन्नाथपुर चौक स्थित हॉल में आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## राहे बालिका आवासीय विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान, मंत्री ने दी बधाई



**रांची/राहे।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज बालिका आवासीय विद्यालय, राहे का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। गौरतलब है कि यह विद्यालय शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एसएचवीआर रैंकिंग 2025-26 में 99.20 की रिकॉर्ड रेटिंग के साथ पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि ने राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने विद्यालय की छात्राओं से मुलाकात की और उनके अनुशासन, आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से आने वाली इन बालिकाओं की बौद्धिक क्षमता और कुछ बड़ा करने का जज्बा अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने इस सफलता के पीछे विद्यालय की वार्डन विमला कुमारी, शिक्षक प्रीतम कुमार महतो और संजय कुमार महतो सहित पूरी टीम के अथक परिश्रम और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर रांची जिला पूर्वी के अध्यक्ष धीरज महतो भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल देखा गया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया पौधारोपण पर्यावरण की रक्षा का दिया संदेश



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो उर्फ धीरज ने प्रखंड के एस एस प्लस टू विद्यालय और सिल्ली स्टेडियम परिसर में पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण किया। केंद्रीय मंत्री के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने उनको बुके देकर सम्मानित किया एवं विद्यालय के बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका जोरदार स्वागत किया। वृक्षारोपण के पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन एवं तन मन के साथ पढ़ाई करें और कला एवं खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़े।उन्होंने आगे कहा कि आगे बढ़ेंगे तो ही सफलता मिलेगी।असफलता से घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा पर काफी जोर दे रही है ताकि देश उन्नति के मार्ग प्रशस्त कर सके।इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंच कर वहां का निदेशक रमणेश प्रसाद को उत्कृष्ट सेवा के लिए अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं बिरसा मुंडा तीरंदाजी पहुंचकर वहां के खिलाड़ियों के अभ्यास को देखा और सराहना करते हुए तीरंदाजी के वरीय उपाध्यक्ष जयपाल सिंह को स्मृति चिन्ह मुख्य कोच प्रकाश राम एवं कोच शिशिर कुमार महतो,श्वेता पांडे को अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।बेहतर स्वास्थ्य सेवा हेतु विद्यानंद चौधरी, समाजसेवी एवं व्यवसायी गोपाल केडिया,भूतपूर्व सैनिक मेघनाथ महतो,दाताराम महतो अमर सिंह मुंडा एवं बंता के मूर्तिकार लालमोहन बड़ाईक को भी सम्मानित किया।

### रांची जिला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

# नामांकन व परिणाम सुधार पर जोर

- विद्यालयों की प्रगति एवं पठन-पाठन को प्रभावित करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, छात्र नामांकन, शिक्षक उपस्थिति, आधार एवं अपार अपडेटेशन, पीएम पोषण योजना, शिक्षक प्रशिक्षण तथा मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सहित कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त संजय भगत, प्रशिक्षु आईएएस आस्था शरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, एडीपीओ (शिक्षा परियोजना), सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, केजीबीवी वार्डन एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों एवं दिव्यांग बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए 6 से 18 जून तक विशेष नामांकन अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की सूची तैयार कर नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने पर जोर दिया। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषयों के प्रदर्शन की नियमित मॉनिटरिंग हेतु एक विशेष सेल गठित करने का निर्देश दिया गया। इस सेल के माध्यम से युवा अधिकारियों द्वारा नियमित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अपार आईडी निर्माण एवं आधार अपडेटेशन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लगभग 1.45 लाख विद्यार्थियों का आधार अपडेटेशन लंबित है। इस पर उपायुक्त ने सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आधार केंद्रों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्प्लिट सिलेबस, 'मेरा विद्यालय निपुण' कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस गतिविधियों एवं उल्लास सर्वे की भी समीक्षा की गई तथा सभी कार्यक्रमों को समयबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। पीएम पोषण योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम की नियमितता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने रिक्त सीटों पर शीघ्र नामांकन सुनिश्चित करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार चलाने को कहा। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों पर असंतोष व्यक्त करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षकों के प्रदर्शन की सतत समीक्षा की जाएगी और कमजोर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही योग्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

## रांची में 26 जून को नशा विरोधी राज्यस्तरीय मैराथन, तैयारियां तेज



**रांची।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के तहत 26 जून को रांची में राज्यस्तरीय मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन एवं तैयारियों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैराथन के आयोजन से संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैराथन मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से प्रारंभ होकर एसएसपी चौक, रेडियम रोड, कचहरी चौक, फिरायालाल चौक, सैनिक बाजार, मेन रोड होते हुए पुनः बापू वाटिका में समाप्त होगी। प्रतिभागियों के लिए सुबह 06:00 बजे से पंजीकरण शुरू किया जाएगा। उपायुक्त ने यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु डायवर्जन प्लान तैयार कर प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग में बैरिकेडिंग, दिशा-सूचक बोर्ड एवं सूचना पट्ट लगाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को प्रतिभागियों के लिए चिकित्सा सहायता, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ले, इसके लिए सभी विभागों और संस्थानों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारी करनी होगी।

## सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में खुला आधार सेंटर



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड परिसर में बीआरसी के समीप नए आधार सेंटर खुलने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। लोगों को घंटों लाइन लगाने नही पड़ रही है। सेंटर के संचालक ने बताया दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक एंव गर्भवती महिलाओं को आधार संबंधित सभी कार्यों में प्राथमिकता दी जाती है। गौरतलब है की झारखंड सरकार ने 5053 पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार केंद्र खोलने के लिए सीएससी -एसपीभी से एमओयू साइन किया है इससे गांव के लोगों को जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। सरकार की इस पहल से समय और पैसे दोनों बचेंगे। संचालक का कहना है कि सरकार की इस पहल से लोगों को काफी फायदा पहुंचेंगा और ग्रामीण क्षेत्रों के आए लोगों का समय भी बचेगा। हमारी पहली प्राथमिकता है कि लोगों का काम कर के समय पर दे दूं।

### संजय सेठ ने शरण उरांव के निधन पर जताया शोक, कहा

# शरण उरांव के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लापुंग के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाज सुधारक शरण उरांव के निधन पर शोक संवेदना जताई। उन्होंने शरण उरांव को श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि शरण उरांव के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इसके पूर्व उन्होंने शरण उरांव के पार्थिव शरीर को वाहन की व्यवस्था कर उनके पैतृक घर दरमीटोली भेजा। इस मौके पर शरण उरांव की विधवा एवं लापुंग इंटर कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ बिरसो कुमारी उरांव, उनके पुत्र बंदी उरांव, सुपुत्री रामी कुमारी सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे। इसके पूर्व असम, बंगाल और महाराष्ट्र के बुद्धिजीवियों के अलग-अलग दल ने दरमी टोली पहुंचकर शरण उरांव को श्रद्धांजलि दी। पश्चिम बंगाल के चाला अखड़ा खोड़हा के अध्यक्ष संतोष उरांव, असम के साहित्य अकादमी के जुरेश्वर उरांव, झारखंड साहित्य अकादमी के नंदलाल नायक, ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी के पूर्व निदेशक डॉ प्रकाश चन्द्र उरांव, सदस्य डॉ नारायण उरांव, डोरंडा कॉलेज के कुडुख़ विभाग के डॉ नारायण भगत, कुडुख़ भाषा के लिपि तोलोंग सिकी के अविष्कारक नारायण उरांव, अजीत भगत वार्ड पार्षद सहित दर्जनों लोगों ने शरण उरांव के निधन पर शोक संवेदना जताई और कहा कि उनका निधन पूरे समाज के लिए अपुरणीय क्षति है।

## दृष्टिपात

### मंत्री दीपिका पांडेय ने स्वर्ण पदक विजेता बॉक्सर शिक्षा कुमारी को दी बधाई




**रांची।** 18वीं झारखंड स्टेट सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली गोड्डा की खिलाड़ी शिक्षा कुमारी ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने उन्हें शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि गोड्डा सहित पूरे झारखंड के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह राज्य की उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो खेल और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का सपना देख रही हैं। मंत्री ने कहा कि यदि अवसर, समर्पण और संकल्प साथ हों, तो बेटियाँ हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षा कुमारी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान शिक्षा कुमारी ने चैंपियनशिप से जुड़ी अपनी तैयारियों और अनुभवों को भी मंत्री के साथ साझा किया। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और सरायकेला-खरसावां जिला बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के 40-43 किलोग्राम भार वर्ग में शिक्षा कुमारी ने पश्चिम सिंहभूम की खिलाड़ी सिली को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### बेड़ो में सड़क हादसा के बाद मां-बेटा घायल, बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली बायपास ब्रिज के नीचे बेड़ो सर्विस सड़क पर मंगलवार को सुबह 7.30 बजे मैक्स पिक-अप वैन ने मोपेड को चपेट में ले लिया। मोपेड़ सवार मां बेटा गिर कर घायल हो गये। मिली जानकारी अनुसार मोपेड में गोबिन्दा महतो (24) पिता महादेव गोप अपने मां फुलो देवी(40) पत्ती महादेव गोप को बैठा कर आम बेचने अपने गांव देवगांव, थाना लापुंग से बेड़ो आ रहे थे। तभी इस दौरान ब्रिज के नीचे अचानक तैज गति से आ रही मैक्स पिक-अप वैन ने मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोपेड़ चालक गोबिंदा महतो और उसकी मां फुलो देवी घायल हो गई। वही मोपेड में लदी बीजु आम सड़क पर गिर कर बिखर गया। खबर मिलते ही एएसआई अक्षय कुमार सिंह गश्ती दल के साथ पहुंचे और ग्रामीणो के सहयोग से दोनो घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने दोनो मां-बेटा को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं बेड़ो पुलिस ने दोनो वाहनों को जब्त कर थाना ले आई।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू, विद्यार्थियों को सिखाए गए योगासन



**पिपरवार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को ध्यान में रखते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, बचरा में मंगलवार को विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विद्यालय में यह योग सत्र आगामी 21 जून तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़े और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। विद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा के उपरांत सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ योग शिक्षक राकेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, कपालभाति एवं अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर योग शिक्षक राकेश कुमार ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि योग तनावमुक्त जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और एकाग्रता का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस कार्यक्रम में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य साहिल ठाकरान ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बड़े स्तर पर मनाने का है। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में विद्यालय परिवार ने योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### आग जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन का हुआ प्रदर्शन



**मुरी/सिल्ली।** मुरी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को अग्निशमन प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल परिसर, स्टेशन भवनों, कार्यालयों एवं ट्रेनों में आग से संबंधित घटनाओं की रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।स्टेशन पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों और विद्युत आग,ज्वलनशील पदार्थों की आग और सामान्य दहनशील वस्तुओं की आग को नियंत्रित करने के बारे में बताया गया। अग्निशमन यंत्रों के संचालन की सही विधि का लाइव प्रदर्शन किया गया,जिसमें प्रभावी आग बुझाने पर विशेष जोर दिया गया। कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले तत्काल निवारक उपायों -अलार्म बजाना,संबंधित अधिकारियों को सूचित करना,निकासी प्रकिया,विद्युत आपूर्ति को अलग करना और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आपातकाल के दौरान शांत रहना,समन्वय और त्वरित कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के दौरान रेलवे के संचालन विभाग, आरपीएफकर्मी,वाणिज्यिक, इंजीनियरिंग,यांत्रिक विभाग लोको पायलट,सीएलआई और अन्य ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों में अग्नि सुरक्षा उपायों, आग की घटना के दौरान आपातकालीन प्रतिक्रिया और अग्निशामक यंत्रों के सही संचालन के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना है।

**सेवा-धर्म** मोतियाबिंद से रेटिना तक, शिविर में मिल रही आधुनिक नेत्र सेवाएं, महानिदेशक ने कहा,

# अत्याधुनिक इलाज से मरीज को मिलेगी बेहतर सुविधा

- महानगरों में इलाज के लिए लंबी और खर्चीली यात्रा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने मिलिट्री हॉस्पिटल नामकुम में चार दिवसीय 'दृष्टि 2026' मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया है। 16 से 19 जून तक आयोजित इस विशेष शिविर के माध्यम से झारखंड के लोगों को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर का उद्घाटन महानिदेशक सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया। नई दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम शिविर में पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा रांची एवं आसपास के जिलों से आए नागरिकों को परामर्श, जांच और उन्नत उपचार प्रदान कर रही है। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन, ग्लूकोमा उपचार और रेटिना संबंधी रोगों के लिए एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन जैसी विशेष चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को महानगरों में इलाज के लिए लंबी और खर्चीली यात्रा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान डीजीएएफएमएस ने पूर्वी कमान, मिलिट्री हॉस्पिटल नामकुम तथा विशेषज्ञ चिकित्सा टीमों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिविर के पहले ही दिन बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति ने इसकी उपयोगिता और महत्व को साबित कर दिया। 'दृष्टि 2026' भारतीय सेना की उस सेवा भावना का सशक्त उदाहरण है, जो राष्ट्र की सुरक्षा के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद लोगों तक उपचार, राहत और नई उम्मीद पहुंचाने का कार्य भी कर रही है।

### उपायुक्त ने सीएसआर से संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# सभी औद्योगिक कर्मियों को सेफ्टी ट्रेनिंग करने का दिया गया निर्देश

- अपने कारखाने में किसी भी चाइल्ड लेबर को नहीं रखने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के औद्योगिक इकाइयों के साथ सीएसआर से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

सभी औद्योगिक इकाई वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करें सीएसआर प्लान तैयारः उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों को अपने-अपने सीएसआर टीम के साथ बैठक कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सीएसआर प्लान तैयार कर जिला द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र में प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

कारखानो में होने वाले दुर्घटनाओं को करे शून्य : बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारखाने के दुर्घटनाओं को शून्य करने के मद्देनजर सभी औद्योगिक इकाइयों को सेफ्टी नॉर्म्स पर कार्य करने एवं सभी कर्मियों को सेफ्टी ट्रेनिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कर्मी सेफ्टी टूल्स पहनकर कार्य करें या सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। सभी औद्योगिक इकाई अनिवार्य रूप से व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र (ओएचसी) करें स्थापितः उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों को निश्चित रूप से व्यवसायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी 40 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मियों का हेल्थ एग्जामिनेशन रिपोर्ट जिला उद्योग केंद्र को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

भारत सरकार के चार लेबर कोड का करें पालनः बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों को भारत सरकार के चार लेबर कोड- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता 2020 का निश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अपने कारखाने में किसी भी चाइल्ड लेबर को नहीं रखने का निर्देश दिया।

सभी औद्योगिक इकाई बने निक्षय मित्रः रामगढ़ जिला को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीएसआर मद के तहत टीबी से जूझ रहे मरीज को गोद लेते हुए निक्षय मित्र बनने का निर्देश सभी औद्योगिक इकाइयों को दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रामगढ़, सिविल सर्जन रामगढ़, जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़, नजारत उपसमाहर्ता रामगढ़, जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प के साथ एसआईआर बीएलए-2 कार्यशाला संपन्न




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति द्वारा सोमवार को पटेल छात्रावास फोरलेन रामगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर ) बीएलए-2 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता भाजपा संगठन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है तथा प्रत्येक बीएलए-2 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के उपयोग, नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया सहित आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बूथ स्तर पर संगठनात्मक मजबूती एवं प्रभावी मतदाता संपर्क के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाध्यक्ष श्री संजीव कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाना है। उन्होंने सभी बी.एल.ए.-2 कार्यकर्ताओं से आगामी 30 दिनों के भीतर अपने-अपने बूथों की मतदाता सूची का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यशाला का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. संजय प्रसाद सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री बबलू साव ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट-2 (बी.एल.ए.-2) कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए तिथि घोषित



**रामगढ़।** श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए तिथि घोषित घोषित कर दी गई है। इस संबंध में चुनाव पदाधिकारी सुरेश बगड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 वर्षीय कार्यकारिणी समिति के लिए आगामी 14 जुलाई को मतदान संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशी 2 जुलाई से नामांकन पत्र ले सकते हैं। बताया कि नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई रात्रि 8:00 बजे तक है। प्रत्याशी नामांकन पत्र श्री श्याम मंदिर कार्यालय में रात्रि 7:00 से 8:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि 11 सदस्यीय 2 वर्षीय कार्यकारिणी के लिए आगामी 14 जुलाई को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक मतदान होगा। मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सुरेश बगड़िया, राजेश कुमार अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, श्याम परशुरामपुरिया, कमल बगड़िया, रमेश अग्रवाल, दिनेश पांद्दार, पिंटू अग्रवाल, रोहित कुमार पंसारी, पंकज मोगरा, संदीप अग्रवाल, संदीप गोयल, प्रकाश अग्रवाल, राजीव बगड़िया, सांवरमल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### विद्यालय प्रबंधन ने एक अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का उठाया बीड़ा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर स्थित एसपीए गुरुकुल स्कूल प्रबंधन ने एक अनाथ बच्चे को निः शुल्क पढ़ाने का बीड़ा उठाया है। गोरहर के ग्राम भैयाडीह निवासी स्व रुपेश कुमार के सात वर्षीय पुत्र आयुष कुमार की पढ़ाई का जिम्मा लिया है। जानकारी हो कि लगभग तीन माह पूर्व प्रवासी मजदूर रुपेश कुमार की चेन्नई में बिजली ट्रांसमिशन लाइन में कार्य करने के दौरान करंट लगने से निधन हो गई थी। विद्यालय निदेशक कार्तिक करण देव एवं प्राचार्या पूजा सिंह ने मृतक के बच्चे आयुष कुमार का नामांकन यूकेजी में दाखिला लेते हुए मैट्रिक बोर्ड परीक्षा तक निः शुल्क पढ़ाने का निर्णय लिया है। बताया कि इसके पूर्व भी विद्यालय प्रबंधन ने सात अनाथ, बेसहारा और अत्यंत गरीब बच्चे को पढ़ाने का जिम्मा ले चुकी है। विद्यालय निदेशक कार्तिक करण देव और प्रबंधन ने बच्चे को निः शुल्क पढ़ाने का जिम्मा लेकर क्षेत्र में एक मिसाल पेस किया है। वहीं आसपास के लोग इस कार्य के लिए विद्यालय प्रबंधन की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

### विद्यालय में जंगली हाथियों ने दरवाजा तोड़कर मचाया उत्पात,सामानों को किया बर्बाद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरी कटिया में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार हाथियों के झुंड ने विद्यालय परिसर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और कार्यालय कक्ष का दरवाजा तोड़ दिया। घटना के बाद विद्यालय की संपत्ति एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर विद्यालय प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि को ग्रामीणों से सूचना मिली कि जंगली हाथियों ने विद्यालय के कार्यालय कक्ष का दरवाजा तोड़ दिया है। सूचना मिलने के बाद उन्होंने वन विभाग के वनरक्षी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।


प्रधानाध्यापक ने बताया कि 10 जून को भी हाथियों के झुंड ने विद्यालय में घुसकर दरवाजे, खिड़कियों एवं अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया था। उस दौरान टूटे कार्यालय कक्ष के दरवाजे की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन 15 जून की रात करीब 10:10 बजे हाथियों ने उसी दरवाजे को पुनः तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अधिकांश कमरों के दरवाजे और खिड़कियां पहले से ही हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जा चुके हैं। ऐसे में कार्यालय में रखे आवश्यक दस्तावेज, अभिलेख एवं अन्य सामग्री की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन गई है। वन विभाग की टीम ने रात करीब 11 बजे फोन पर कार्यालय कक्ष का दरवाजा पूरी तरह टूट जाने की सूचना दी। विद्यालय प्रबंधन ने वन विभाग एवं प्रशासन से हाथियों के झुंड को आबादी और विद्यालय क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान पर खदेड़ने तथा विद्यालय की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में बरही के सेवानिवृत्त शिक्षक व पेंशनरधारी रामचंद्र पांडे का निधन



**बरही।** बरहीडीह निवासी, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ व धार्मिक व वैदिक कर्मकांडो के ज्ञाता पेंशनधारी रामचंद्र पांडेय का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम लगभग 7:30 बजे श्री पांडेय चौपारण प्रखंड के टीटहीं गांव में आयोजित गरुड़ पुराण कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रसोइया-धमना मार्ग पर एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। श्री पांडेय उच्च विद्यालय बरही में क्लर्क एवं संस्कृत शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे। वे एक विद्वान पंडित, धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति तथा वैदिक कर्मकांडों के जानकार के रूप में क्षेत्र में सम्मानित थे। उनके मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के कारण समाज के विभिन्न वर्गों में उनकी विशेष पहचान थी। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र-पुत्रवधू, पुत्री-दामाद, पोते-पोतियों तथा नाती-नतिनियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। निधन की सूचना मिलते ही सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्धजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःखद घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## सौंदा डी बचाओ संघर्ष समिति ने पूर्व विधायक से की मुलाकात



**भुरकुंडा।** संयुक्त ट्रेड यूनियन सौंदा डी बचाओ संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद से मिले। समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में पूर्व विधायक को सौंदा डी को उजड़ने से बचाने के लिये पत्र सौंपा गया। साथ ही समिति ने पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद को समिति का संरक्षक बनने का आग्रह किया। जिसे अम्बा प्रसाद ने स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि जब तक सौंदा डी के लोगो को बसाने की योजना धरातल पर नही उतरती है तब तक लोग जैसे रहते आ रहें है वैसे रहेंगें। सौंदा डी के लोगो को पुर्नवास, मुआवजा नही मिल जाता है। साथ ही बिजली, पानी, मंदिर, मस्जिद, चर्च सहित अन्य सुविधा नही दी जाती है। तब तक प्रबंधन को सौंदा डी उजाड़ने नही दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह समिति के आंदोलन के साथ है। मौके पर दशरथ सिंह, जयंत तुरी, जयश्री प्रसाद, मो अलिईमाम, राजकुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

### भुरकुंडा आउटसोर्सिंग पर गरजीं 13 समितियां, पीओ ने कहा

## ज्ञापनों की पहले जांच-पड़ताल की जाएगी, देखा जाएगा कि आवेदक पात्र हैं या नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** रिवर साइड स्थित ऑफिसर्स क्लब में मंगलवार को आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में भुरकुंडा क्षेत्र की प्रस्तावित आउटसोर्सिंग परियोजना को लेकर माहौल गर्म रहा। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन, बीएलए आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधियों तथा 13 विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। रोजगार, लोकल सेल, विस्थापितों के अधिकार और स्थानीय लोगों की भागीदारी जैसे मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत करते हुए भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी से जुड़े रोजगार और अन्य लाभों में पहली प्राथमिकता क्षेत्र के वास्तविक रैयतों और विस्थापितों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न समितियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापनों की पहले जांच-पड़ताल की जाएगी और यह सत्यापित किया जाएगा कि दावा करने वाले लोग वास्तव में पात्र हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि 13 समितियों ने अपनी-अपनी मांगें रखी हैं। सबसे पहले सभी दावों और दावेदारों की स्क्रूटनी होगी, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। लोकल सेल के मुद्दे पर पीओ ने कहा कि प्रबंधन हमेशा से लोकल सेल शुरू करने के पक्ष में रहा है, लेकिन विभिन्न समितियों के बीच समन्वय नहीं बनने के कारण यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा कोयला उत्पादन शुरू होने के बाद लोकल सेल का संचालन भी संभव हो सकेगा। पीओ ने कहा कि आप सभी समितियों आपस में समन्वय बनाकर आएं हर हाल में रोड सेल चालू होगा।

### इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर 20 को



**रामगढ़।** रक्तदान महादान होता है। किसी की जिंदगी बचाने के लिए एक बूंद भी रक्त काफी होता है। इससे अच्छा पुण्य और कुछ भी नहीं होता है। ऐसे कार्यक्रम में सभी को आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे किसी का दम बच सके। इसी को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़, सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ऋ एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी रामगढ़ के सौजन्य से आगामी 20 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कांफ्रेस हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर सुबह 9:30 बजे से आरंभ होगा। शिविर के आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त संग्रह करना है।

## भुरकुंडा रोडसेल समिति ने सेल शुरू करने की मांग पर किया चक्का जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** रोड सेल चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को भुरकुंडा रोड सेल समिति के बैनर तले सैकड़ों महिला-पुरुष मजदूरों ने संगम आउटसोर्सिंग परियोजना का चक्का जाम कर दिया। आंदोलन के कारण कई घंटों तक आउटसोर्सिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मजदूरों ने बैनर और नारों के साथ जुलूस निकाला तथा परियोजना स्थल पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए समिति के नेताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना था कि रोड सेल बंद रहने से स्थानीय मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की आजीविका प्रभावित हो रही है। जबकि केवल आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। समिति ने मांग रखी कि रोड सेल के लिए शीघ्र कोयले का आवंटन किया जाए, स्थानीय लोगों को आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार दिया जाए तथा मजदूरों के लिए पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि रोड सेल चालू किए बिना आउटसोर्सिंग संचालन का विरोध जारी रहेगा। आंदोलन की सूचना पर भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि 20 जून को रोड सेल समिति, सीसीएल प्रबंधन और संबंधित पक्षों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

पीओ के आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। मौके पर गिरधारी गोप, रमन शर्मा, दर्शन गंझू, रविंद्र सिंह, मुकेश पासवान, नागेश्वर मुंडा, बालेश्वर पासवान, अमरेंद्र प्रसाद, सरोज कांत झा, तुला खान, कैलाश तुरी, गणेश बेदिया और दिनेश बेदिया समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पटेल छात्रावास में भाजपा की विशेष कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, रामगढ़ जिला द्वारा पटेल छात्रावास, फोरलेन रामगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) बी.एल.ए.-2 कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव बाबला ने की। मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता भाजपा संगठन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। प्रत्येक बी.एल.ए.-2 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के उपयोग, नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया सहित आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## डीआईजी ने थानों का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक कार्यालय का उत्तरी छोटा नागपुर पुलिस उपमहानिरीक्षक हजारीबाग अंजनी कुमार झा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लंबित केस डायरी एवं अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल किया गया। जांच के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक कहा कि लंबित कांडों का जल्द निष्पाद कर कार्यों में सुधार लाएं। उन्होंने जनता के बीच अपना विश्वासन बढ़ाने का भी निर्देश दया। मौके पर बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर , बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार चलकुसा थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार के अलावे बरकट्ठा, गोरहर, चलकुसा थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## जन समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

- ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना और निष्पादन का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मांगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में 'जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कुल 32 नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बारी-बारी मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं, अबुआ आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं दखल दिहानी के मामले, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण सहित अन्य जन समस्याएं सामने आईं।प्रप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मुहर्रम कमेटी के तौहीद अध्यक्ष व तौकीर बने सचिव



**बरही।** रसोईया धमना मोड़ पर मुहर्रम अखाड़ा कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अब्दुल रज्जाक व संचालन मो. गनी ने किया। जिसमें पंचायत के विभिन्न अखाड़ों के बुजुर्गों और युवाओं ने सर्वसम्मति से तौहीद अली को मुहर्रम महाकमिटी का अध्यक्ष तथा तौकीर रजा को सचिव चुना। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 7 से 10 मुहर्रम तक पंचायत के विभिन्न अखाड़ों, ताजिया समितियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु धमना मोड़ पर एकत्रित होकर पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद सभी अखाड़ों और ताजियों का मिलान कर अपने-अपने इमामबाड़ों में जाकर नजरो-नियाज का आयोजन किया जाता है। बैठक में चिंता व्यक्त की गई कि वर्तमान में धमना मोड़ पर एनएचएआई द्वारा अंडरपास निर्माण का कार्य चल रहा है, जिससे मुहर्रम के दौरान अखाड़ों और ताजियों के आवागमन तथा खेल प्रदर्शन में कठिनाई हो सकती है। इस संबंध में समय रहते बरही प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों को अवगत कराने तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रसोईया धमना, मस्जिद मोहल्ला, छोटकी बरही, मदीना नगर, वर्सिया मोहल्ला, मदीना मोहल्ला और अंसार नगर सहित विभिन्न अखाड़ों से पांच-पांच प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें महा कमिटी का सदस्य बनाया गया।

# राज्य स्तरीय कृषि व्यापार मेले में सिमडेगा के उत्पादों की धूम

- कृषि व्यापार मेला में सिमडेगा जिले के किसानों व महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मोराबादी मैदान, रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि व्यापार मेला में सिमडेगा जिले के किसानों और महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बानो की बिवरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने अपने-अपने स्टॉल में स्थानीय कृषि एवं मूल्य संवर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया है।



बानो की बिवरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने अपने-अपने स्टॉल में स्थानीय कृषि एवं मूल्य संवर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया

बिवरा एफपीओ के स्टॉल पर आम, पपीता, कटहल, जामुन, अनानास सहित विभिन्न फलों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसे आगंतुकों ने काफी पसंद किया। वहीं कोलेबिरा एफपीओ के स्टॉल पर रागी आधारित उत्पादों की विशेष मांग देखने को मिल रही है। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। स्टॉल भ्रमण के दौरान उन्होंने सिमडेगा के उत्पादों की सराहना करते हुए किसानों को शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की एवं महुआ माजी ने भी स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों और स्वयं सहायता समूहों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्टॉलों में जेएसएलपीएस के सखी मंडलों, एफपीओ और पलाश ब्रांड के उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया है। मेले में मिल रही सराहना से सिमडेगा के किसानों और महिला समूहों का उत्साह बढ़ा है तथा जिले की आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई पहचान मिल रही है।

## सिमडेगा में सघन वाहन जांच अभियान

# 60 वाहन चालकों से वसूला गया 1.49 लाख रुपए जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम को सिमडेगा थाना, अंचलाधिकारी सिमडेगा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के



दौरान जिले में छोटे और बड़े वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, ओवरलोडिंग तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान कुल 60 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 1,49,000 रुपए का चालान वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने की अपील की है।

## लेटेमड़ा मंडली के नवनिर्वाचित जीईएल चर्च का संस्कार संपन्न

# बिशप मार्शल केरकेट्टा ने दिया आध्यात्मिक संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत लमडेगा पंचायत के लेटेमड़ा मंडली में नवनिर्वाचित जीईएल चर्च का पवित्र संस्कार समारोह श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मोडरेटर सह दक्षिण पूर्व डायोसिस खूंटी के बिशप श्रद्धेय मार्शल केरकेट्टा, टकरमा पेरिश चेयरमैन पादरी अस्तोस बाघवार, पास्टोरेट चेयरमैन पादरी उषम डांग सहित अनेक पुरोहित, प्रचारक एवं धर्मावलंबी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी भी शामिल हुए। आराधना की अगुवाई पादरी अस्तोस बाघवार ने की, जबकि प्रवचन एवं प्रभुभोज अनुष्ठान बिशप मार्शल केरकेट्टा द्वारा संपन्न कराया गया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि मनुष्य को प्राप्त हर आशीष परमेश्वर की इच्छा से मिलती है और परमेश्वर की संगति में बने रहने से जीवन में शांति एवं सुख प्राप्त होता है। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने पेसा कानून 1996 एवं पेसा नियमावली की जानकारी देते हुए आदिवासी समाज के अधिकार, पहचान और संसाधनों की सुरक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, अनमोल तोपनो, अमर तोपनो, अनिल डांग, पावल तोपनो, अर्जुन होरो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पुलिस केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**सिमडेगा।** पुलिस केंद्र सिमडेगा के सभागार में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान को महादान बताते हुए नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया।वरीय पुलिस उपाधीक्षक ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

## निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान को गति

# डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह ने समाहरणालय परिसर से दो जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण कार्यालय, सिमडेगा द्वारा संचालित ये जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती गांवों तक पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों एवं इससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करेंगे।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा समाज, परिवार और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए जनभागीदारी और सतत जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। उन्होंने सभी नागरिकों, अभिभावकों एवं युवाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा दूसरों को भी निषिद्ध मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।मौके पर नजारत उप समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं एवं समाज कल्याण कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित रहे।



## तकनीकी विभागों की योजनाओं की समीक्षा, डीसी ने समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला अंतर्गत विभिन्न तकनीकी विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की वर्तमान स्थिति, निविदा प्रक्रिया, लंबित कार्यों एवं गुणवत्ता मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा सहित ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, एनआरईपी, भवन प्रमण्डल, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई प्रमण्डल, जलपथ प्रमण्डल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल तथा विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के



कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है, उनकी सभी औपचारिकताएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराते हुए योजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। साथ ही सभी विभागों को लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने योजनाओं की निगरानी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी विभागों को प्रत्येक योजना से संबंधित 03 से 04 जियो टैग युक्त फोटोग्राफ के साथ नियमित प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष बल देते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन विभागों के अंतर्गत पीसीसी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनमें अंतिम भुगतान से पूर्व फ्लैंक में मिट्टी भराई एवं उचित ड्रेसिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जिन योजनाओं का कार्य वन विभाग से पेड़ कटाई हेतु एनओसी प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित है, उन मामलों में त्वरित पत्राचार कर आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

## दृष्टिपात

### अवैध पशु तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई, मवेशियों से लदा पिकअप वैन जब्त

**कोलेबिरा।** अवैध पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोलेबिरा पुलिस ने मवेशियों से लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पशु तस्करी की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन कर घेराबंदी की गई।रात्रि लगभग 2:30 बजे पुलिस ने वाहन को रोकने के लिए सड़क पर बैरिकेडिंग कर रास्ता जाम किया, लेकिन तस्करों ने जाम में खड़े वाहन को टक्कर मारते हुए भागने का प्रयास किया। इसी दौरान पिकअप वैन में खराबी आ जाने से वाहन रुक गया, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जब्त वाहन (संख्या जेएच 01जीई 1770) में 3 भैंस तथा 6 गाय-बैल लदे हुए थे। दुर्घटना के कारण कई पशु घायल हो गए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायल पशुओं का उपचार कराने के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा फरार चालक और तस्करों की तलाश में आगे की कार्रवाई जारी है।

### गिरदा ओपी क्षेत्र में भटकी महिला व बच्चे को पुलिस ने सकुशल परिजनों से मिलाया

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के गिरदा ओपी क्षेत्र में भटक रही एक महिला और उसके बच्चे को पुलिस ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सुरक्षित उनके परिजनों से मिला दिया। जानकारी के अनुसार 15 जून की रात स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि एक महिला अपने बच्चे के साथ क्षेत्र में भटक रही है। सूचना मिलते ही गिरदा ओपी में सन्हा संख्या 16/2026 दर्ज कर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला व बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ और आवश्यक सत्यापन के बाद महिला की पहचान सुनिश्चित की गई तथा उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद महिला और उसके बच्चे को सकुशल उनके परिवार के हवाले कर दिया गया।पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल से दोनों सुरक्षित अपने घर पहुंच सके। इस कार्य के माध्यम से सिमडेगा पुलिस ने एक बार फिर आमजन की सुरक्षा और सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, नई कार्यकारिणी का भी गठन

**ठेठईटांगर।** आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई के तत्वावधान में कंसडेगा में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना और उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करना था।समारोह का शुभारंभ सरना पूजा एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मेडल, प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि कल्लू इन्दवार एवं विशिष्ट अतिथि मुनेश्वर तिर्की सहित अन्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया, जबकि जिला कोषाध्यक्ष साधु लोहरा ने सफलता के लिए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास को आवश्यक बताया।इस अवसर पर आदिवासी लोहरा समाज की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें अघनु तिर्की को कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं सुरेश लोहरा को सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष चुना गया।

### आजसू पार्टी के 40वें स्थापना दिवस सह जनआक्रोश मार्च की तैयारी तेज

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय ठाकुर टोली में मंगलवार को जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पाण्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 जून 2026 को धनबाद में आयोजित होने वाले आजसू पार्टी के 40वें स्थापना दिवस सह जनआक्रोश मार्च की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सिमडेगा जिला आजसू पार्टी, केंद्रीय कमेटी, आनुषांगिक इकाइयों, छात्र संघ एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए संगठन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पाण्डे ने कहा कि आजसू पार्टी संघर्ष और बलिदान की भूमि से निकली पार्टी है, जिसका झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय झारखंड को नई दिशा देने और राज्य के विकास को गति देने का है। पार्टी अपने पुराने तेवर और जनसरोकारों के साथ जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्थापना दिवस सह जनआक्रोश मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक में जिला सचिव विकास बड़ाईक, उपाध्यक्ष अनिल मेहर, प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष नारायण बड़ाईक तथा प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समसेरा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**बोलबा।** ग्राम पंचायत समसेरा के पंचायत भवन सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। लाभुकों की संख्या अधिक होने के कारण बैठक का संचालन बाद में पंचायत भवन परिसर स्थित पेड़ के नीचे किया गया।बैठक की अध्यक्षता मुखिया सुरजन बड़ाईक ने की। पंचायत सचिव अजीत कुमार ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे सूची का वाचन करते हुए बैठक का संचालन किया। मुखिया ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सर्वे सूची का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं काटा जाएगा। केवल ऐसे मामलों में नाम हटाया जाएगा, जहां पति या पत्नी में से किसी को पहले से सरकारी आवास योजना का लाभ प्राप्त हो चुका हो।ग्राम सभा में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, ओबीसी एवं सामान्य वर्ग के कुल 385 से अधिक लाभुकों के नाम प्राथमिक सूची में शामिल किए गए। साथ ही बताया गया कि छूटे हुए पात्र गरीब परिवारों का नाम सरकार के निर्देशानुसार आगामी सर्वे में जोड़ा जाएगा।आवास समन्वयक विवेक कुमार ने लाभुकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता, जॉब कार्ड, भूमि रसीद एवं फोटो तैयार रखने की जानकारी दी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# नुक्कड़ नाटक से जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, सिमडेगा द्वारा जिले के विभिन्न बाजारों एवं पंचायत क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान सूचीबद्ध कलादलों ने गीत-संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वज्रपात एवं सर्पदंश से बचाव सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा पंचायत भवनों में योजनाओं से संबंधित बैनर भी लगाए गए। ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई।अभियान के तहत ठेठईटांगर, सोदे और खालीजोर बाजारों में विभिन्न कलादलों द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।



## नशा मुक्ति और जनकल्याणकारी योजनाओं का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया संदेश

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के हेठमा साप्ताहिक बाजार में जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के सौजन्य से आदिकला मंच कोलेबिरा के कलाकारों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। दलनेता बनफूल नायक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।कलाकारों ने नागपुरी एवं हिंदी गीत-संगीत तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। इसके साथ ही वज्रपात एवं सर्पदंश से बचाव के उपायों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का लाभ बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने उठाया। इस दौरान निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर-पोस्टर का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बनफूल नायक, परमानंद दास, श्रवण दास, रतनू नायक, किरण कुल्लू, चंद्रिका कुमारी सहित अन्य कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## गोवंशीय पशु तस्करी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी मामले में सिमडेगा पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त विवेक प्रसाद उर्फ मुरारी, निवासी तलमंगा, थाना बोलबा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग ओडिशा से ओड़गा होते हुए जंगल के रास्ते गोवंशीय पशुओं को अवैध रूप से बानो की ओर ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर बानो थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कांड संख्या 15/26 के तहत बीएनएस एवं झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कुल 24 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया था। इस मामले में पहले ही 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## लहारी सरना पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

# सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के हुरदा क्षेत्र स्थित कोहिपाट गांव में पारंपरिक लहारी सरना पूजा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। सरना स्थल पर मैसा पहान एवं भिलु पुजारी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, भरपूर फसल और खुशहाली की कामना की।पूजा के दौरान ग्रामीणों ने प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। साथ ही सरना धर्म एवं संस्कृति की परंपराओं को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि सरना पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है।इस अवसर पर गांव के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भंवरा



सिंह, बहरू सिंह, गणेश साहू, जोगेंद्र साहू, मुकेश साहू, रामदयाल साहू, राजितू साहू, धनेश्वर साहू, फगुआ लोहार, राम मड़की तथा आनंद मोहाली समिति सहित अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूजा के बाद ग्रामीणों ने गांव की उन्नति और आपसी भाईचारे की कामना करते हुए सामूहिक रूप से उत्सव मनाया।

**कार्यक्रम** भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को मिला संगठन सशक्तिकरण का मंत्र, बोले अर्जुन मुंडा

# बीजेपी केवल राजनीतिक दल नहीं, राष्ट्र निर्माण का माध्यम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा द्वारा सिमडेगा में आयोजित संगठनात्मक बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन विस्तार, जनसेवा और बूथ सशक्तिकरण को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक पुरी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा



उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक तथा जिला संगठन प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू भी मंचासीन थे। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो समाज के बीच रहकर सेवा, समर्पण और संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

केंद्र सरकार की। जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के सभी वर्गों के बीच जाकर सेवा भाव से कार्य करने, जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समन्वय और संगठन के प्रति निष्ठा भाजपा कार्यकर्ता की सबसे बड़ी पहचान है। प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने कहा कि भाजपा का संगठन देश के हर वर्ग तक पहुंच बनाने में सफल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों एवं संगठन की नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच रखने का सुझाव दिया। वहीं जिला संगठन प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने मंडल एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठक, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया।बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने किया तथा श्रद्धानंद बेसरा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रवि गुप्ता, तुलसी साहू, चंदन प्रसून, कुलदीप मिश्रा, संजय ठाकुर, रामविलास बड़ाईक, पिंकी प्रसाद, रेनू पुरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय रेटिंग में मिला 21वां स्थान, झारखंड में दूसरा

# स्वच्छ व हरित विद्यालय रेटिंग में हजारीबाग ने लहराया परचम



- विद्यालय की छात्राओं ने कहा: राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने से बेहद खुशी हो रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले की पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता को लेकर हो रही है। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग में हजारीबाग बिहारी गर्ल्स स्कूल को पूरे देशभर में 21वां और झारखंड में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर स्कूल के शिक्षक और छात्राएं दोनों खुश हैं। हजारीबाग एक छोटा सा शहर है लेकिन इसकी उपलब्धि अब पूरे देश में देखी जा रही है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में हजारीबाग के बिहारी गर्ल्स स्कूल को पूरे देशभर में 21वां और झारखंड में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस सफलता से स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। वह कह रहे हैं कि यह उपलब्धि किसी एक की नहीं बल्कि पूरे स्कूल की है। स्कूल प्राचार्य बताती हैं कि रैंकिंग के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, साबुन से हाथ धोने की सुविधा, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, कचरा प्रबंधन और विद्यालय परिसर में हरियाली जैसे मानकों का मूल्यांकन किया जाता है।

**केंद्रीय स्तर की टीम स्कूल में करती है निरीक्षण**

विद्यालयों को पहले ऑनलाइन पोर्टल पर तस्वीरें और आंकड़े अपलोड करने होते हैं। इसके बाद जिला, राज्य और केंद्रीय स्तर की टीमों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। प्राप्त अंकों के आधार पर राष्ट्रीय रैंकिंग तय की जाती है। राष्ट्रीय रैंकिंग में हजारीबाग का बिहार बालिका उच्च विद्यालय 9330 स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहा।

**स्कूलों को 1 लाख रुपये नगद प्रोत्साहन राशि**

भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग एक राष्ट्रीय पहल है। जिसका उद्देश्य विद्यालय को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु जागरूकता को लेकर सजग बनाना है और स्कूल को मॉडल रूप में पहचान दिलाना है। इसके तहत भारत के 200 स्कूल चिन्हित किए जाते हैं। उन्हें 1 लाख रुपये नगद प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाती है साथ ही विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्रदान की जाती है।

# झींकपानी का ऐतिहासिक एसीसी सीमेंट प्लांट होगा बंद




**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी स्थित एसीसी लिमिटेड के ऐतिहासिक चाईबासा सीमेंट वर्क्स के बंद होने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 1946 से संचालित यह सीमेंट संयंत्र आगामी 16 अगस्त 2026 से बंद कर दिया जाएगा। कंपनी प्रबंधन ने इस संबंध में 15 जून 2026 को भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के तहत निर्धारित प्रपत्र-13 में बंदी की सूचना भेजी है। कंपनी की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि संयंत्र को चलाने के लिए आवश्यक चूना पत्थर (लाइमस्टोन) का भंडार लगभग समाप्त हो चुका है। इसके साथ ही क्लिंकर उत्पादन की बढ़ती लागत और आठ दशक पुराने प्लांट की तकनीकी अक्षमता के कारण उत्पादन को आर्थिक रूप से जारी रखना संभव नहीं रह गया है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए प्रबंधन ने प्लांट को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। बंदी के कारण संयंत्र में कार्यरत 74 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त हो जाएंगी। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रभावित कर्मचारियों को औद्योगिक संबंध संहिता एवं अन्य लागू श्रम कानूनों के तहत देय मुआवजा, नोटिस वेतन और अन्य भुगतान निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद उपलब्ध कराया जाएगा। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों को नोटिस अवधि के बदले एक माह का वेतन तथा अन्य वैधानिक लाभ दिए जाएंगे। एसीसी प्रबंधन ने बंदी संबंधी सूचना क्षेत्र के उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) तथा मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को भी भेज दी है। कंपनी ने अपने आवेदन में यह भी स्पष्ट किया है कि इस मामले को लेकर वर्तमान में किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नहीं है।

### बीजेपी का भरोसा- परिमल नाथवानी पहुंचेंगे राज्यसभा

# एनडीए के पास 24 विधायक, कैसे मिलेगा 28 विधायकों का समर्थन

- एनडीए के पास 24 विधायक हैं, जिसमें भाजपा से 21, आजसू से 1, जनता दल (यू) से एक 1 व लोक जनशक्ति पार्टी से 1 शामिल हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। राज्यसभा प्रत्याशी परिमल नाथवानी को एनडीए का समर्थन मिला है। एनडीए के पास कुल 24 विधायक हैं। जबकि परिमल नाथवानी को 28 विधायकों का समर्थन चाहिए। फिर भी भाजपा को पूरा विश्वास है कि परिमल नाथवानी को समर्थन मिलेगा। झारखंड राज्यसभा चुनाव दिलचस्प मोड़ पर आ पहुंचा है। परिमल नाथवानी को एनडीए ने अपना समर्थन दिया है। पार्टी को पूरा भरोसा है कि विधायकों का उन्हें समर्थन मिलेगा। झारखंड से राज्यसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार दिल्ली जाएंगे। एनडीए के पास 24 विधायक है। जिसमें भाजपा से 21, आजसू 1, जनता दल (यूनाइटेड) 1, लोक जनशक्ति पार्टी 1 शामिल हैं।

हजारीबाग पहुंचे भाजपा के मुख्य सचेतक सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल का कहना है कि परिमल नाथवानी निर्दलीय उम्मीदवार हैं। उन्हें भाजपा ने समर्थन दिया है। वे दो बार झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। झारखंड के विधायक और सांसद अच्छी तरह से पहचानते हैं। उन्होंने कई योजना झारखंड को दी है। उन्होंने कहा कि हटिया स्थित मैनेजमेंट कॉलेज को उन्होंने 18 करोड़ रुपया अपने फंड से दिया था। कई विधायक उन्हें अपना समर्थन देंगे और वह झारखंड का प्रतिनिधित्व राज्यसभा में करेंगे। वहीं, इस सवाल पर कि क्या इस बार हॉर्स ट्रेडिंग की स्थिति बनेगी, उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब कांग्रेस के विधायक देंगे। क्योंकि उनके पास महज 16 विधायक हैं। जबकि जादुई आंकड़ा 28 का है। चार से अधिक विधायकों का समर्थन परिमल नाथवानी को मिलेगा।

बता दें कि झारखंड विधानसभा में 'इंडिया' गठबंधन के कुल 56 विधायक हैं, जिनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दो विधायक शामिल हैं। राज्य की एक राज्यसभा सीट जेएमएम के सह-संस्थापक शिबू सोरेन के निधन के बाद खाली हुई थी। दूसरी सीट बीजेपी सदस्य दीपक प्रकाश का कार्यकाल 21 जून को पूरा होने के कारण खाली होगी। कांग्रेस से प्रणव झा का राह आसान नहीं है। वहीं, जेएमएम से बैजनाथ राम मैदान में हैं। बैजनाथ राम का राज्यसभा जाना लगभग तय माना जा रहा है। दो सीटों के लिए 18 जून को वोटिंग होनी है।

# तकनीकी खामियों की भेंट चढ़ा हजारों एनएचएम कर्मियों का मानदेय

- आवंटन के बाद भी 15.5 हजार एनएचएम कर्मी और 42.5 हजार स्वास्थ्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत हजारों अनुबंध कर्मियों और स्वास्थ्य सहियाओं के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। राज्य में डीबीटी के माध्यम से भुगतान के आदेश और जिलों को राशि हस्तांतरित होने के बावजूद तकनीकी गड़बड़ियों के कारण कर्मियों को महीनों से मानदेय नहीं मिल सका है। इस समस्या की चपेट में राज्य के करीब 15.5 हजार एनएचएम कर्मी और 42.5 हजार स्वास्थ्य सहियाएं हैं, जो पिछले कई महीनों से अपने हक के पैसे का इंतजार कर रहे हैं। स्थिति यह है कि राज्य स्तर के कर्मियों को तीन महीने से अधिक समय से और जिला स्तर के कर्मियों को पिछले चार से पांच महीनों से मानदेय या प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इस लेटलतीफी के पीछे नया डिजिटल पेमेंट सिस्टम ई-वाउचर प्रणाली और एसएनए स्पर्श प्लेटफॉर्म का फेल होना बताया जा रहा है। झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसएनए स्पर्श से आच्छादित विपत्रों का भुगतान अनिवार्य रूप से ई-साइन के माध्यम से पेपरलेस प्रक्रिया के तहत किया जाना है। लेकिन धरातल पर यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वर्तमान में डीडीओ के लॉगिन में डेटा ही प्रदर्शित नहीं हो रहा है। राज्य में एसएनए स्पर्श प्लेटफॉर्म के माध्यम से आधार बेस्ड डीबीटी भुगतान प्रणाली सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है और तकनीकी त्रुटियों के कारण पीएफएमएस से डेटा फेच नहीं हो पा रहा है। इससे पहले मार्च महीने में आवंटन की प्रक्रिया में देरी होने के कारण भुगतान बाधित हुआ था। हालांकि, बाद में 1 जून को बजट आवंटन प्राप्त हुआ और राज्य स्तर से सभी जिलों को राशि भी ट्रांसफर कर दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भुगतान की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए एनएचएम के निदेशक वित्त ने हाल ही में सभी जिलों के साथ समीक्षा बैठक भी की है। जानकारों का कहना है कि इस स्थिति से बचने का एकमात्र तात्कालिक समाधान यही है कि जब तक तकनीकी खामियां दूर नहीं होतीं, तब तक मैन्युअल बिल बनाकर ट्रेजरी भेजा जाए और भुगतान सुनिश्चित किया जाए। हालांकि, इसके लिए विभाग के शीर्ष स्तर से विशेष अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

### पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर चेन स्नेचर ने की फायरिंग

# जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

- फैज अहमद ने बताया कि चेन स्नेचिंग मामले में दो बदमाशों को पकड़ा गया था

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग मामले में गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस सोमवार की देर रात हथियार बरामद करने पहुंची थी। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनकर पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। इस घटना में पुलिसकर्मी को बाल-बाल बच गए, लेकिन जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लगी है। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, 15 जून की देर शाम टेल्को क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस पर फायरिंग की गई थी। भागने के क्रम में दोनों बदमाश पुलिस से बचने के लिए सिदगोड़ा सूर्य मंदिर के पास स्थित जैप परिसर में घुस गए। जहां घेराबंदी कर पुलिस दोनों बदमाशों को पकड़ लिया था। जिनमें एक का नाम हरपाल उर्फ गबरू है। इधर, पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर देर रात सिदगोड़ा टाउन हॉल स्थित शौचालय के पास हथियार बरामदगी के लिए गई थी। इसी दौरान हरपाल उर्फ गबरू ने मौके का फायदा उठाते हुए जवान सुशांत सुंडी की पिस्तौल छीन ली और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। हालांकि पुलिस जवान सुशांत सुंडी बाल-बाल बच गए और किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं लगी।

**जवाबी कार्रवाई में आरोपी को लगी गोली**

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद टाइगर मोबाइल के जवान शम्स तबरेज ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की और आरोपी को निशाना बनाकर गोली चलाई। गोली आरोपी के पैर में जा लगी। गोली लगते ही आरोपी घायल होकर गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे दोबारा अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए एमजीएम मे भर्ती कराया है। मामले में सिदगोड़ा थाना प्रभारी मो। फैज अहमद ने बताया कि चेन स्नेचिंग मामले में दो बदमाशों को पकड़ा गया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर आर्म्स और अन्य सामान की बरामदगी के बाद हरपाल उर्फ गबरू ने पुलिस का सर्विस रीवाल्वर छीन कर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कर्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# आज होगा सांसद का एक दिवसीय दौरा, जनसंवाद का रहेगा संगम



**बरही।** स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल आज 17 जून को बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का एकदिवसीय तूफानी दौरा करेंगे। इस दौरान वे जनसंवाद, संगठनात्मक बैठकों, स्वागत कार्यक्रमों तथा शोक-संवेदना कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के अनुसार सांसद सुबह 9:30 बजे पदमा प्रखंड पहुंचेंगे। इसके बाद 9:30 बजे पतरन में प्रकाश मेहता, 9:45 बजे सूरपुरा में मनोज गुप्ता तथा 10:00 बजे रेगी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पीलू मेहता से मुलाकात करेंगे। 10:30 बजे बुढ़ू एवं 11:00 बजे महकोल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में दिवंगत लोगों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

इसके बाद 11:30 बजे जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12:00 बजे कुड़वा, 12:20 बजे रालो, 12:40 बजे लठिया, 1:00 बजे दुलमाहा, 1:30 बजे लखना, 1:45 बजे बेलादोहर, 2:00 बजे मलकोको, 2:20 बजे पड़रिया एवं 3:00 बजे रानीचुंवा में ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। पार्टी को लेकर सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता होगी और कई दिशा निर्देश देंगे।

दोपहर 3:30 बजे मंगुरा में स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 4:00 बजे श्रीनगर तथा 5:00 बजे बरसोत में शोकाकुल परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने संबंधित क्षेत्रों के लोगों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### 250 लोको शेड कर्मचारियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की दी गई ट्रेनिंग,

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से मंगलवार को न्यू इलेक्ट्रिक लोको शेड परिसर में कर्मचारियों के लिए आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और अग्निशमन संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। टाइम ऑफिस के समक्ष आयोजित इस प्रशिक्षण में करीब 250 कर्मचारियों ने भाग लिया और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

# सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**पाकुड़।** पुलिस ने जिला परिषद सदस्य सह सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हंजेला शेख को गिरफ्तार किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत द्वारा क्रिमिनल अपील रिजेक्ट करने के बाद न्यायालय के जारी वारंट के आलोक में ये कार्रवाई हुई है। मुफसिल थाना की पुलिस ने गिरफ्तार हंजेला शेख को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हंजेला की गिरफ्तारी की पुष्टि थाना प्रभारी मुफसिल गौरव कुमार ने की है। हंजेला शेख के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त रहकर देश विरोधी प्रचार प्रसार, धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर मुफसिल थाना में सब इंस्पेक्टर बाबूबंशी साव के बयान पर 2019 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस मामले में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती की अदालत ने जीआर वाद संख्या 120/2020 में अभियोजन एवं बचाव पक्ष द्वारा दी गयी दलीले एवं साक्ष्य के आलोक में हंजेला शेख को दोषी मानते हुए वर्ष 2023 में तीन साल सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

# मादक पदार्थों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान

**बरही/हजारीबाग।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध 15 से 26 जून तक चल रहे राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के दूसरे दिन जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।अभियान के तहत पांच प्रचार रथों के माध्यम से हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र सहित चौपारण, ईचाक, विष्णुगढ़ और डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। प्रचार रथों पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नशामुक्ति संबंधी ऑडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया तथा पंपलेटों का वितरण किया गया।

इसके अलावा 10 सांस्कृतिक दलों ने जिले के 20 विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से लोगों के सामने रखा। कार्यक्रमों के दौरान आमजनों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जिला प्रशासन ने लोगों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

# चान्हो सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ने तैयारियों को लेकर की बैठक




**चान्हो।** प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कमिटी के सदर जुलफान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं, सुरक्षा, साफ-सफाई तथा विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कमिटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेले को शांतिपूर्ण, आकर्षक एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. मोजीबुल्लाह, महासचिव जुल्फिकार अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष तारिक अनवर अंसारी, सचिव मचकुर सिद्दीकी, असीर अंसारी, नूर अंसारी, हाजी हनीफ अंसारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थें।

**समाधान** | निशिकांत दुबे की पहल से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

# दो दिन में पटरी पर लौटेगी सफाई व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** पिछले छह दिनों से ठप पड़ी देवघर शहर की सफाई व्यवस्था अब जल्द ही सामान्य होने वाली है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सांसद निशिकांत दुबे की पहल और प्रशासनिक आश्वासन के बाद समाप्त हो गई है। इसके साथ ही शहर में जमा कचरे की सफाई का काम दोबारा शुरू करने की तैयारी कर ली गई है।

कर्मचारियों की मांग पर मिला भरोसा पीएफ (भविष्य निधि) के बकाया भुगतान की मांग को लेकर 11 जून से नगर निगम के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। हड़ताल के कारण बाबा मंदिर परिसर से लेकर शहर की प्रमुख सड़कों तक कचरे का अंबार लग गया था, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने सफाई कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे संजय मंडल से बातचीत की और उनके मुद्दों के समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने का फैसला लिया।

**जल्द भुगतान होगी पीएफ की बकाया राशि**

संजय मंडल ने बताया कि जिला प्रशासन, सांसद, मेयर और डिप्टी मेयर के आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को भरोसा दिया गया है कि उनके पीएफ की बकाया राशि का जल्द भुगतान किया जाएगा। इस पूरे मामले पर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि बार-बार होने वाली हड़ताल से शहर की व्यवस्था प्रभावित होती है। इसका सबसे अधिक असर आम नागरिकों और बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि देवघर उनकी कर्मभूमि है और यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। सांसद ने सोशल मीडिया के माध्यम से घोषणा करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों के कल्याण कोष के लिए उनकी ओर से प्रत्येक वर्ष 25 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही ऐसी स्थायी व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे भविष्य में सफाई कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने की नौबत न आए और शहर की स्वच्छता लगातार बनी रहे।

**सभी सफाई कर्मचारी काम पर शीघ्र लौटेंगे**

वहीं, हड़ताल समाप्त होने पर देवघर नगर निगम के मेयर रवि राउत ने सांसद की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शहर की सफाई केवल निगम की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही के तत्वावधान में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सोमवार को जरहीया आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग की शीघ्र पहचान, जांच तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करना था। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल 70 ओपीडी हुआ जिसमें 34 पुरुष व 36 महिला शामिल है । इनमें 69 का एक्सरे, 64 का एनसीडी तथा 5 का बलगम जांच के सेम्पल लिए गए । लोगों को बताया गया कि लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना एवं रात में पसीना आना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम

**रामगढ़।** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की एंटी ड्रग कमेटी ने संस्थान के इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से 16 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे भाषा प्रयोगशाला में एक नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। नशे को कहें ना - स्वास्थ्य और जीवन को चुनें विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न जानकारी पूर्ण सत्रों एवं चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को नशीली दवाओं की लत के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, शैक्षणिक प्रदर्शन तथा सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शर्बानी रॉय ने कहा, "युवा हमारे राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। नशे से दूर रहना केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, प्रगतिशील और सशक्त समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता भी है। जागरूकता और शिक्षा ही नशे की समस्या से लड़ने के सबसे प्रभावी साधन हैं।" उप-प्राचार्य डॉ. नाज़मुल इस्लाम ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने तथा सकारात्मक निर्णय लेने में एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, नशामुक्त परिसर रचनात्मकता, उत्पादकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है। विद्यार्थियों को किसी भी चुनौती का सामना करने पर मार्गदर्शन या सहायता लेने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए। हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बना सकते हैं जहाँ स्वस्थ विकल्प जीवनशैली का हिस्सा बन जाएँ।

**विचार प्रवाह** प्रसन्नता कुछ सीमा तक बाह्य परिस्थितियों पर निर्भर करती है, परंतु मुख्यतः मानसिक दृष्टिकोण पर। सुखी होने के लिए व्यक्ति के पास अच्छा स्वास्थ्य, संतुलित मन, समृद्ध जीवन, उचित कार्य, कृतज्ञ हृदय और सर्वोपरि, प्रज्ञा या ईश्वर का ज्ञान होना चाहिए। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'सफलता का नियम'**

# खाट पर सिस्टम व डाटा का बूम

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

देश के अन्य प्रांतों की तरह झारखंड में भी अक्सर खाट या कंधे पर मरीज या लाश लादे आम आदमी की तस्वीरें छपती हैं और कुछ दिनों बाद हम सभी भूल जाते हैं कि कहां ऐसा हुआ था। नेता बनने, सरकारी नौकरी या किसी भी कीमत पर पैसा कमाने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी होता है कि हम उससे अपना और परिजन का बढ़िया इलाज किसी प्राइवेट अस्पताल में करा सकें। दूसरी ओर करोड़ों की लागत वाले सरकारी अस्पतालों में आम आदमी इलाज के लिए मारामारी करता है। नए इंडिया में स्कूलों के बाद अस्पताल उद्योग का रूप ले चुके हैं और किसी भी शहर में बड़ी बिल्डिंग इसमें लगे लोगों की है जबकि सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस से लेकर उपकरण खरीदने का बजट बढ़ता ही जा रहा है। अनेक सरकारी शिक्षक और डॉक्टर ही इन प्राइवेट स्कूलों या अस्पतालों में मुख्य भूमिका निभाते हैं।अनेक नेताओं के स्कूल या प्राइवेट अस्पताल हैं। कुछ दिनों पूर्व हेल्थ सर्वे का डाटा जारी होने के साथ एक अजीब विरोधाभास देखने को मिलता है। सर्वे के नतीजे असल में उस चीज के ठीक उलट काम करते हैं, जो उन्हें करना चाहिए। सर्वे रिपोर्ट उन बातों को ही सामने लाती हैं, जिन्हें हम पहले से जानते हैं। शायद ही कभी इनके आधार पर तुरंत कोई कार्यक्रम शुरू किया जाता है। हाल ही में जारी स्वास्थ्य से जुड़े दो सर्वे-नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 और नेशनल हेल्थ अकाउंट्स 2022-23 के मामले में भी ऐसा ही लगता है। इन दोनों सर्वे से नीति बनाने वालों और नागरिकों को बेहतर समझ मिलनी चाहिए थी, पर वही पुरानी कहानी दोहराई जाती दिखती है। सर्वे का महत्व इसमें नहीं है कि क्या काम किया गया, बल्कि यह दिखाने में है कि कार्यक्रम कहां कमजोर है और पुरानी रणनीतियां कहां नाकाफी हैं। व्यावसायिक समूहों ने भी सेहत से जुड़ी बढ़ती चुनौतियों की ओर इशारा किया है और उन्हीं के आधार पर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया है। जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संदेश कमजोर हैं और निजी स्वास्थ्य बाजार आक्रामक हैं, वहां हर सर्वे के नतीजे को व्यवसाय के मौके में बदला जा सकता है।अच्छी बात है कि प्रिंट मीडिया ने इन मुद्दों को व्यापक कवरेज दी है, जो नागरिकों के लिए मायने रखते हैं: जैसे मोटापा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और अन्य गैर-संचारी (एनसीडी) रोग। हालांकि, इनमें से ज्यादातर बातें पहले से ही पता थीं। मोटापा और अन्य एनसीडी अब सभी सामाजिक व आर्थिक वर्गों में फैल गए हैं। फिर भी, इन सर्वे के नतीजों और नीतियों पर गंभीरता से चर्चा नहीं हो रही है, जो चिंतनीय है। हेल्थ सर्वे का मकसद पुरानी समस्याओं को याद दिलाना भर नहीं होता है। इसका मकसद तो सुधार के लिए जरूरी कदम उठाना होता है। इन सर्वे का विश्लेषण धीमा होता है, क्योंकि कच्चा डाटा आसानी से नहीं मिलता और अक्सर इसे काफी समय बाद साझा किया जाता है। ऐसे में, नीति निर्माता अक्सर यह कहकर विश्लेषण करने से बचते हैं कि डाटा पुराना है। इस तरह डाटा अपनी अहमियत खो देता है। जब इसे जारी किया जाता है, तो यह ऐसी हालत में होता है कि इसका गहराई से मतलब नहीं निकाला जा सकता। नतीजतन, कुछ करने का मौका हाथ से निकल जाता है। डाटा से सेहत तभी बेहतर होती है, जब उसे सही नीतिगत फैसलों से जोड़ा जाए। जो देश स्वास्थ्य संबंधी डाटा का सही इस्तेमाल करते हैं, उनके पास ऐसे सिस्टम व मजबूत संस्थान होते हैं, जो तेजी से नीतियां तैयार करने, पिछड़े जिलों की पहचान व समीक्षा करने, प्रदर्शन की तुलना करने, संसाधन बांटने और कार्यक्रम में बदलाव लाने का काम करते हैं। इसलिए, 'डाटा-टू-एक्शन' कोई नारा नहीं, एक अनुशासन है, जिसकी भारत को जरूरत है। सबसे पहले, हर बड़े राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के 30 दिनों के भीतर सरकार और स्वतंत्र संगठनों द्वारा मिलकर एक राष्ट्रीय व राज्य-स्तरीय एक्शन नोट तैयार किया जाना चाहिए। इसमें ईमानदारी से बताया जाना चाहिए कि क्या सुधार हुआ है, क्या नहीं हुआ है और स्थिति कहां बिगड़ी है। हर बिंदु को एक कार्यक्रम और एक जिम्मेदार अथॉरिटी से जोड़ा जाना चाहिए। दूसरी बात, राज्य स्तर पर स्वास्थ्य डाटा की समीक्षा बैठकें होनी चाहिए। सभी हितधारकों और स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों को मिलकर नतीजों की जांच करनी चाहिए। सवाल यह होना चाहिए कि 'हमें क्या बदलना होगा?' तीसरी बात, डाटा का सही और समय पर इस्तेमाल करने के लिए सिस्टम की जरूरत है। भारत ने 'इंटिग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म' बनाना शुरू कर दिया है, पर यह मुख्य रूप से रियल-टाइम डाटा के लिए है। चौथा, सर्वे डाटा की प्राइमरी जानकारी और सोर्स फाइलें जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि स्वतंत्र शोधकर्ता और सरकारी संस्थान तेजी से उसका विश्लेषण कर सकें। पांचवीं बात, नतीजों का असर बजट आवंटन पर पड़ना चाहिए। अगर किसी सर्वे में गैर-संचारी रोगों के मामले बढ़ते दिखते हैं, तो बजट में इसकी रोकथाम और इलाज के लिए प्रावधान होने चाहिए। सरकारी सुविधाओं में जरूरी दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए। अगर बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, तो स्कूल में स्वास्थ्य, खान-पीने से जुड़े नियमों और शहरी योजना में इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अक्सर यह कहा जाता है कि स्वास्थ्य संबंधी डाटा जरूरी चीजों को तो छिपाता है, पर गैर-जरूरी चीजों को सामने ले आता है। जबकि इसे एक्स-रे जैसा होना चाहिए। यह तभी काम का होता है, जब इसे सही ढंग से समझा जाए, इस पर ईमानदारी से चर्चा की जाए और फिर काम किया जाए। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह लगातार स्थिति में सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं पर डायन हत्याओं के मामले जहां पर हैं वहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है उसका अध्ययन किया जाना चाहिए सच्चाई सामने आ जाएगी।

# स्वस्थ भारत, सशक्त भारत- स्वास्थ्य देखभाल विकास के 12 वर्ष

**आज की बात**




**अनुप्रिया पटेल**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री

> **आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफ़र व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही से समस्या होने से पहले ही ध्यान रखने वाली देखभाल की ओर ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। व्यापक स्वास्थ्य पैकेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करना, भारत की बदलती आबादी और बीमारियों के बदलते पैटर्न के हिसाब से उठाया गया एक ज़रूरी कदम है**

बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली से आर्थिक उत्पादकता बढ़ती है, कार्यबल की संख्या में बढ़ोतरी होती है और विकास दीर्घावधि तक होता है। इसलिए, अच्छी सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा संकेत है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति भी है। यह वह आधार है, जिस पर मानवीय क्षमता का निर्माण होता है और देश की ताकत मापी जाती है। इसलिए, बेहतर सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति है और इसमें लगाया गया हर रुपया देश के लोगों में किया गया निवेश है। इस तरह, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी), यानी यह सुनिश्चित करना कि सभी लोग, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, बिना किसी आर्थिक परेशानी के, जब और जहां जरूरत हो, अच्छी गुणवत्ता की सभी ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं हासिल कर सकें। यह न केवल 2030 तक हासिल किया जाने वाला सतत विकास का लक्ष्य है, बल्कि सेहत से जुड़ी एक प्राथमिकता भी है। भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (एनएचपी 2017), सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और एसडीजी 3 को हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप है और यह एक सरल लेकिन मज़बूत सोच पर आधारित है – स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच होनी चाहिए। इसके चार स्तंभ, किफायती होना, पहुंच, गुणवत्ता और उपलब्धता , उस सोच को वास्तिवकता में बदलते हैं और जीवन के सभी चरणों में देखभाल की एक व्यापक व्यवस्था को मज़बूत करते हैं। लक्ष्यों के अनुरूप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज्यों को स्वास्थ्य प्रणाली का एक एकीकृत तीन-स्तरीय मॉडल प्रदान करने में मदद करता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी इलाकों (कमजोर वर्गों सहित) के बीच दोतरफा रेफरल लिंक शामिल हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) प्राथमिक स्तर पर बीमारी से बचाव, सेहत को बढ़ावा देने, इलाज, पुर्नवास और प्रशामक देखभाल जैसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देते हैं। ईसंजीवनी टेलीमेडिसिन प्लेटफ़ॉर्म इन एएएम के जरिए समुदाय को विशेषज्ञों से जोड़कर विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। साथ ही, एक खास टेली-मानस प्लेटफ़ॉर्म भी है, जिसने अब तक कुल 38.93 लाख लोगों तक पहुंच बनाई है।

एएएम से जुड़े द्वितीय स्तर के केंद्र जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)/प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) और ज़िला अस्पताल (डीएच) होते हैं, जो विशेषज्ञ के समक्ष इलाज और अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा के लिए रेफरल का पहला ज़रिया होते हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज जैसे तृतीयक संस्थान सबसे ऊपर होते हैं और ज़्यादा जटिल व सुपर-स्पेशलिस्ट सेवाओं की ज़रूरतें पूरी करते हैं।



इस तीन-स्तरीय प्रणाली को सरकारी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी का समर्थन प्राप्त है। पिछले दशक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर होने वाला खर्च 168% बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता मानने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफ़र व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही से समस्या होने से पहले ही ध्यान रखने वाली देखभाल की ओर ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। व्यापक स्वास्थ्य पैकेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करना, भारत की बदलती आबादी और बीमारियों के बदलते पैटर्न के हिसाब से उठाया गया एक ज़रूरी कदम है। बढ़ती उम्र की आबादी और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए, इसके दायरे में गैर-संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, बुजुर्गों की देखभाल, आपातकालीन सेवाएं, आंख, कान-नाक-गला (ईएनटी) और मुंह की सेहत के साथ-साथ योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां शामिल हैं। यह सब उस आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो भारत अब बन रहा है। मई 2026 तक, देश भर में 1.8 लाख से ज़्यादा एएएम काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस विस्तार का असर एएएम में 120 करोड़ से ज्यादा ओपीडी परामर्श, 70 करोड़ से ज्यादा ईसंजीवनी टेली-परामर्श और अच्छी सेहत व कल्याण को बढ़ावा देने वाले 46.1 करोड़ से ज्यादा वेलनेस सत्रों में साफ़ दिखता है।

प्राथमिक देखभाल स्तर पर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और आम कैंसर (जैसे ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर) के लिए आबादी-आधारित स्क्रीनिंग 30 साल से ज्यादा उम्र के सभी वयस्कों के लिए की जाती है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाना एक सामान्य प्रक्रिया बन जाती है। यह जांच 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के तहत सेवा वितरण का एक अहम हिस्सा है, जो एनसीडी की रोकथाम को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में शामिल करती है। एनसीडी सेवाओं का विस्तार बीमारी का जल्दी पता लगाने, रोकथाम, प्रबंधन और इलाज के लिए एक बहु स्तरीय प्रयास है। समर्पित एनसीडी क्लीनिक, डे-केयर कैंसर केंद्र, तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र और राज्य कैंसर संस्थान, उन्नत ऑन्कोलॉजी सेवाओं को विकेंद्रीकृत करते हैं और विशेषज्ञ देखभाल को मरीज़ के करीब लाते हैं। साथ ही, बचाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए 'होल-ऑफ-गवर्नमेंट' दृष्टिकोण अपनाया जाता है। एफएसएसएआई स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देता है, 'फिट इंडिया मूवमेंट' शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है और आयुष मंत्रालय योग और कल्याण को आगे बढ़ाता है। लगातार चलने वाले जन-जागरूकता अभियान और स्वास्थ्य दिवस मनाने जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को और मज़बूत करते हैं। खाने के तेल की खपत को 10% कम करने की प्रधानमंत्री मोदी की निजी अपील एक सरल लेकिन दमदार सोच को ज़ाहिर करती है कि एनसीडी के ख़िलाफ़ लड़ाई अस्पतालों के साथ-साथ घरों में भी जीती जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के विस्तार के लिए, एएएम स्तर पर 'सामुदायिक स्वास्थ्य ऑफिसर्स' का एक नया कैडर शुरू किया गया, जिससे क्लिनिकल और जन स्वास्थ्य से जुड़ी विशेषज्ञता समुदायों के और करीब आ गई। यह विस्तार लोगों के घर-द्वार तक भी पहुँचा, जहाँ फ्रंटलाइन नेटवर्क बढ़कर 10 लाख से ज़्यादा आशा (आशा) कार्यकर्ताओं तक पहुंच गया, जिन्होंने समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ा। विस्तार के साथ-साथ, भारत ने देखभाल के मापदंडों को बदलने की ज्यादा मुश्किल चुनौती भी स्वीकार की। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, जो देश में ही विकसित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकृत हैं, ने गुणवत्ता को सिर्फ़ एक इच्छा से बदलकर एक जवाबदेही बना दिया। 65,000 से ज़्यादा जन स्वास्थ्य केंद्र, जिनमें 54,926 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं, अब एनक्यूएएस द्वारा प्रमाणीकृत हैं। इसके अलावा, आईपीएचएल के लिए लैब मानकों ने व्यवस्था में और मज़बूती और सटीकता लाई है।

# क्वाड की नई खनिज रणनीति : क्या टूट पाएगा चीन का वैश्विक वर्चस्व?

**अलग बात**



**जयदेव राठी**

विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ संसाधनों पर नियंत्रण ही भविष्य की शक्ति का आधार बनता जा रहा है। तेल और गैस के बाद अब दुनिया की नजर "क्रिटिकल मिनरल्स" यानी दुर्लभ खनिजों पर टिक गई है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा उपकरण, मोबाइल फोन, सौर ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक तकनीकों का पूरा ढांचा इन खनिजों पर निर्भर है। ऐसे समय में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह क्वाड द्वारा 20 अरब डॉलर के निवेश से "क्रिटिकल मिनरल फ्रेमवर्क" की घोषणा केवल आर्थिक समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को बदलने की एक बड़ी रणनीतिक पहल मानी जा रही है। दरअसल, दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन और प्रसंस्करण पर चीन का लगभग एकाधिकार बना हुआ है। लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, ग्रेफाइट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन में चीन की पकड़ इतनी मजबूत है कि पश्चिमी देश भी उसके विकल्प तलाशने को मजबूर हैं। कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यह बात और स्पष्ट हो गई कि यदि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता बनी रही तो वैश्विक उद्योग कभी भी संकट में फंस सकते हैं। यही कारण है कि अब अमेरिका और उसके सहयोगी देश चीन पर निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर रहे हैं। नई दिल्ली में हुई क्वाड देशों की बैठक में जिस "क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव" की घोषणा की गई, उसका मूल उद्देश्य केवल खनिजों का व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि एक ऐसी सुरक्षित और पारदर्शी सप्लाई चेन तैयार करना है, जो किसी एक देश के नियंत्रण में न हो। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में खनिजों की मांग कई गुना बढ़ने वाली है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार वर्ष 2040 तक लिथियम की मांग लगभग 40 गुना तक बढ़ सकती है। ऐसे में यदि दुनिया चीन पर ही निर्भर रही तो आर्थिक और रणनीतिक जोखिम और अधिक बढ़ेंगे। क्वाड देशों की यह पहल वैश्विक राजनीति में एक नए "खनिज शीत युद्ध" की शुरुआत भी मानी जा सकती है। अमेरिका लंबे समय से चीन के बढ़ते आर्थिक और तकनीकी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है। पहले व्यापार युद्ध, फिर चिप तकनीक पर प्रतिबंध और अब खनिज क्षेत्र में नया गठबंधन इसी रणनीति का हिस्सा दिखाई देता है। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि क्वाड किसी विशेष देश को घेरने वाला संगठन नहीं है, लेकिन वास्तविकता यह भी है कि इस पहल का सबसे बड़ा असर चीन पर ही पड़ने वाला है। भारत के लिए यह समझौता कई मायनों में ऐतिहासिक साबित हो सकता है। भारत अभी इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी निर्माण और सेमीकंडक्टर उद्योग में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। लेकिन इन उद्योगों की सबसे बड़ी चुनौती आवश्यक खनिजों की उपलब्धता है। भारत के पास कुछ खनिज संसाधन अवश्य हैं, परंतु उनकी मात्रा सीमित है और तकनीकी प्रसंस्करण क्षमता भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया जैसे संसाधन सम्पन्न देशों और अमेरिका-जापान जैसी तकनीकी शक्तियों के साथ साझेदारी भारत को भविष्य के उद्योगों में मजबूत स्थिति दे सकती है। यह पहल "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" अभियान को भी नई दिशा दे सकती है। यदि भारत दुर्लभ खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित कर लेता है तो वह बैटरी निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन और चिप निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित कर सकता है। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकेगा। हालांकि इस पूरी रणनीति के सामने कई चुनौतियाँ भी मौजूद हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि चीन केवल खनिज उत्पादन में ही नहीं, बल्कि उनके प्रसंस्करण और तकनीकी उपयोग में भी काफी आगे है। दुनिया के लगभग 85 प्रतिशत रेयर अर्थ प्रोसेसिंग पर चीन का नियंत्रण है। केवल खदानें खोज लेने से समस्या हल नहीं होगी। खनिजों को उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए भारी तकनीकी निवेश, पर्यावरणीय संतुलन और लंबी अवधि की नीति की आवश्यकता होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## रानी लक्ष्मी बाई का जीवन और बलिदान भारतीय नारी शक्ति की महान पहचान



**संजय सर्राफ**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का नाम अदम्य साहस, देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक के रूप में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस प्रतिवर्ष 18 जून को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1858 में अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध करते हुए उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था।उनका बलिदान भारतीय इतिहास की सबसे प्रेरणादायक घटनाओं में से एक माना जाता है।महारानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी में हुआ था। उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था, जिन्हें प्यार से 'मनु' कहा जाता था। विवाह के पश्चात वे झांसी की महारानी बनीं। जब अंग्रेजों ने हड़प नीति के तहत झांसी को अपने अधीन करने का प्रयास किया, तब रानी लक्ष्मीबाई ने इसका डटकर विरोध किया। वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया और वीरता की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जो आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।18 जून 1858 को ग्वालियर के निकट कोटा-की-सराय में अंग्रेजी सेना से युद्ध करते हुए रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुईं। अंतिम समय तक उन्होंने अपने साहस और रणकौशल का परिचय दिया। उनका प्रसिद्ध कथन-मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी,आज भी देशभक्ति की भावना को प्रज्ज्वलित करता है। रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस का उद्देश्य नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों से परिचित कराना है। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि देश की स्वतंत्रता, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हर नागरिक को सदैव तत्पर रहना चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं तथा विभिन्न संगठनों द्वारा इस अवसर पर संगोष्ठियों, निबंध प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का जीवन और बलिदान भारतीय नारी शक्ति की महान पहचान है।



**राष्ट्रीय नवीन मेल**
**धर्म-अध्यात्म**

## स्वयं को स्वयं उठाओ

*उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।*
*आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥*
**भगवद्-गीता-6.5**



**स्वामी चिन्मयानंद**

***श्लोक का अर्थ***–*मनुष्य को चाहिए कि वह स्वयं को स्वयं के द्वारा ऊपर उठाए, स्वयं को नीचे गिरने न दे। मन ही स्वयं का मित्र है, मन ही स्वयं का शत्रु है।*

'उद्धरेत्' यानि ऊपर उठाने की यह प्रेरणा जीवन के प्रत्येक स्तर पर लागू होती है। जब हम 'उठाने' या 'उत्थान' शब्द पर विचार करते हैं, तो वह सदैव एक निम्न अवस्था से उच्च संभावना की ओर गति का प्रतीक होता है। यह उत्थान कभी सरल रूप में जल का पात्र होंठों तक उठाने जैसा, कभी किसी यंत्र द्वारा सड़क निर्माण हेतु मिट्टी उठाने जैसा, तो कभी एक स्नेहमयी माता द्वारा शिशु को गोद में उठाने जैसा है। हमारे दैनिक जीवन में भी यह 'उत्थान' की भावना विभिन्न रूपों में प्रकट होती है - सेवा या व्यवसाय में उन्नति की आकांक्षा, अपनी छवि को सुधारने की इच्छा, अथवा किसी नूतन प्रयास में श्रेष्ठता प्राप्त करने की प्रेरणा। इन सब उदाहरणों से यह सिद्ध होता है कि कहीं-न-कहीं हमारे भीतर ऊंचा उठने की चाह अवश्य है। हमें भले यह न पता हो कि कहां पहुंचना है, पर भीतर से हम जानते हैं कि जीवन में कुछ तो उच्चतर है। अपने कर्मों और प्रतिक्रियाओं के परिणाम को लेकर बेचैनी तथा प्रतिदिन की झुंझलाहटें हमारी दृष्टि को धूमिल तथा जीवन के लक्ष्य को सीमित कर देती हैं। यह श्लोक हमें प्रेरित करता है कि अब समय आ गया है कि हम असुरक्षा, आत्म-संदेह, चिंता और भय जैसी सभी धारणाओं से स्वयं को ऊपर उठाएं। एक भी क्षण प्रतीक्षा न करें; जो कुछ भी हमें उच्चतर उपलब्धि से रोक रहा है उसे दृढ़ता से त्याग दें। पर प्रश्न यह है कि हमे स्वयं को किस दिशा में, किस प्रकार उठाना चाहिए?

**–पुस्तक गीता पंचामृत से साभार**

## आज का दोहा

चले अकेला तो लगे, देश चल रहा साथ।
कितनों को नाथा अभी, स्वयं हो गया नाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 **-संपादक**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# इलेक्ट्रिक वाहनों का वैश्विक दौर : भारत के लिए अवसर या चुनौती?

**देश की बात**



**कुमार सिद्धार्थ**

दुनिया के ऑटोमोबाइल बाजार में बड़ा बदलाव धीमे-धीमे आकार ले रहा है। पेट्रोल और डीज़ल से चलने वाली पारंपरिक गाड़ियां, जो पिछले सौ वर्षों से आधुनिक परिवहन व्यवस्था की पहचान रही हैं, अब धीरे-धीरे अपनी पकड़ खो रही हैं। उनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन ले रहे हैं। हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह दावा किया है कि यूरोप और चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, बाजार स्वयं इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में आगे बढ़ रहा है और पारंपरिक ईंधन आधारित वाहनों की वापसी मुश्किल होती जा रही है। यह केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और वैश्विक राजनीति तक असर डालने वाला बदलाव है। सवाल यह है कि इस वैश्विक परिवर्तन के बीच भारत कहाँ खड़ा है? यूरोप और चीन के संदर्भ में किए गए अध्ययन का सार है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री तेजी से कई गुना बढ़ रही है, यानी हर कुछ वर्षों में इनकी संख्या लगभग दोगुनी हो रही है और इन देशों में यह बाजार अब अपने बल पर आगे बढ़ने लगा है। शोधकर्ताओं के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती बिक्री, पेट्रोल-डीज़ल कारों की घटती मांग, बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन के बढ़ते विकल्प और कीमतों में कम होता अंतर इस बात के संकेत हैं कि अब बाजार तेजी से बदलाव की दिशा में बढ़ चुका है, जहाँ से पुराने ढर्रे पर लौटना आसान नहीं होगा। चीन और यूरोप में यह परिवर्तन केवल बाजार की ताकत से नहीं आया, बल्कि वर्षों की नीति, सब्सिडी, सरकारी निवेश और उद्योग की तैयारी ने मिलकर इसे संभव बनाया है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है और तेजी से शहरीकरण, बढ़ती आय, ऊर्जा आयात और प्रदूषण जैसी चुनौतियों के बीच परिवहन का भविष्य तय करने की स्थिति में है। भारत की सड़कों पर आज भी पेट्रोल और डीज़ल वाहन हावी हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की उपस्थिति अब केवल प्रयोगात्मक नहीं रही। दोपहिया और तिपहिया वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहन की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक बसें भी धीरे-धीरे जगह बना रही हैं। लेकिन चारपहिया निजी वाहनों के मामले में भारत अभी शुरुआती चरण में है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या भारत भी उसी "निर्णायक मोड़" की ओर बढ़ रहा है, जिसकी चर्चा यूरोप और चीन के संदर्भ में हो रही है? भारत के सामने इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में बढ़ने का सबसे बड़ा तर्क आर्थिक है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है। तेल की कीमतों में वैश्विक उतार-चढ़ाव सीधे भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर डालते हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने पर महंगाई बढ़ती है, परिवहन लागत बढ़ती है और विदेशी मुद्रा पर दबाव पड़ता है। ऐसे में अगर परिवहन का बड़ा हिस्सा बिजली आधारित हो जाए, तो तेल आयात पर निर्भरता कम की जा सकती है। अध्ययन भी बताता है कि तेल आयात करने वाले देशों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर संक्रमण से आर्थिक लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और व्यापार संतुलन बेहतर हो सकता है। पर्यावरणीय नजरिये से भी भारत के लिए इलेक्ट्रिक वाहन बदलाव केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बनता जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता जैसे बड़े शहरों में वायु प्रदूषण एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। परिवहन क्षेत्र इसका बड़ा कारण है। पेट्रोल और डीज़ल वाहनों से निकलने वाला धुआं कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों के रूप में स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है। भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्धताएं जताई हैं। ऐसे में अगर परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार होता है, तो कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि यह भी सच है कि इलेक्ट्रिक वाहन तभी वास्तव में हरित विकल्प होंगे, जब बिजली उत्पादन में भी स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़े। लेकिन भारत की चुनौतियां यूरोप और चीन से अलग हैं। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को बड़े पैमाने पर सरकारी सब्सिडी, बैटरी उत्पादन, सार्वजनिक खरीद और विनिर्माण क्षमता के सहारे विकसित किया। यूरोप ने भी कठोर उत्सर्जन नियमों और प्रोत्साहनों के जरिए बाजार को दिशा दी। भारत में नीति-स्तर पर फेम जैसी योजनाएं और राज्य सरकारों की इलेक्ट्रिक वाहन नीतियाँ आई हैं, लेकिन अभी भी बुनियादी ढाँचे की कमी बड़ी बाधा है। चार्जिंग स्टेशन सीमित हैं, बैटरियों की लागत अधिक है और उपभोक्ताओं के मन में अब भी यह आशंका बनी हुई है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान बैटरी खत्म होने पर चार्जिंग सुविधा समय पर मिलेगी या नहीं। ग्रामीण और छोटे शहरों में यह चुनौती और अधिक जटिल है। इसलिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहन परिवर्तन केवल बाजार के भरोसे नहीं हो सकता, इसके लिए नीति और निवेश दोनों की निरंतर जरूरत होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा फैसला

# डॉक्टर की पर्ची के बिना नहीं मिलेगा कफ सिरप

- **छोटे गांवों में भी अब इन दवाओं को बिना लाइसेंस नहीं बेचा जा सकेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए औषधि नियम, 1945 में संशोधन कर दिया है। अब छोटे गांवों (1000 से कम आबादी वाले) में बिना लाइसेंस के खांसी की सिरप बेचना अवैध हो गया है। साथ ही अब डॉक्टर की पर्ची के बिना कफ सिरप नहीं मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी खांसी की दवाइयों के निर्माताओं, वितरकों और खुदरा विक्रेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे नए नियमों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी प्रकार की अनदेखी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह संशोधन दिसंबर 2025 में अधिसूचित किया गया था और अब पूरे देश में लागू माना जाएगा। इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी दवाइयों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, खासकर बच्चों को दी जाने वाली खांसी की सिरप को लेकर। अब उपभोक्ताओं को ऐसी दवा खरीदने के लिए रजिस्टर्ड डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन (पर्ची) की जरूरत होगी।



## अब लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही मिलेगी सिरप

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना जीएसआर 927 (ई) के माध्यम से यह संशोधन अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना के तहत औषधि नियम, 1945 की अनुसूची 'क' की प्रविष्टि संख्या 13 से 'सिरप' शब्द को हटा दिया गया है। इससे पहले 1000 से कम जनसंख्या वाले गांवों में खांसी की दवा (सिरप) की बिक्री पर कुछ छूट दी गई थी। इन क्षेत्रों में खुदरा बिक्री लाइसेंस की जरूरत नहीं थी, जिसके कारण आसानी से इन दवाइयों की बिक्री हो जाती थी। अब यह छूट पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है।संशोधन के बाद खांसी की सिरप की बिक्री और वितरण अब केवल औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा औषधि नियम, 1945 के तहत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही वैध होगा। छोटे गांवों में भी अब इन दवाइयों को बिना लाइसेंस नहीं बेचा जा सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम खांसी की सिरप बनाने और बेचने की प्रक्रिया पर नियामक निगरानी को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। इससे दवाइयों के जिम्मेदार वितरण को बढ़ावा मिलेगा और पूरे देश में नियामक मानकों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित होगा।

### वोटर कार्ड और अन्य दस्तावेजों में आधार के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

# आधार का इस्तेमाल पहचान का प्रमाण, नागरिकता का नहीं : याचिका

- **सुप्रीम कोर्ट ने आधार के उपयोग संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी**
- **याचिका में आधार को केवल पहचान प्रमाण के रूप में सीमित रखने की मांग की गई है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई। इस याचिका में केंद्र सरकार, सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आधार का इस्तेमाल केवल पहचान के सबूत के तौर पर हो न कि नागरिकता, निवास, पते या जन्मतिथि के सबूत के तौर पर।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों, ईसीआई और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) को नोटिस जारी किया। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी।याचिका में कहा गया है कि आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 साफ तौर पर कहती है कि आधार नागरिकता या निवास का सबूत नहीं है जबकि यूआईडीएआई की सूचनाएं स्पष्ट करती हैं कि आधार केवल पहचान का सबूत है न कि नागरिकता, पते या जन्मतिथि का सबूत।याचिका में दावा किया गया है कि कथित घुसपैठिए और अवैध प्रवासी कमजोर वेरिफिकेशन सिस्टम के जरिए आधार कार्ड हासिल कर लेते हैं और बाद में आधार का इस्तेमाल राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर पहचान पत्र जैसे अन्य पहचान और हकदारी वाले दस्तावेज पाने के लिए करते हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार, यह प्रक्रिया आधार अधिनियम के तहत बनाए गए पहचान फ्रेमवर्क की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और अयोग्य लोगों को सब्सिडी, कल्याणकारी योजनाओं और कानूनी लाभार्थियों के लिए बने अन्य लाभों का फायदा उठाने में मदद करती है। याचिका में कहा गया है कि ऐसी प्रक्रियाओं से सरकारी संसाधनों का गलत इस्तेमाल होता है।

## वोटर पंजीकरण में आधार उपयोग को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



याचिका के अनुसार, इन कानूनी सीमाओं और अदालती फैसलों के बावजूद कि आधार उम्र का सबूत नहीं है, इस दस्तावेज को स्कूल में दाखिले, प्रॉपर्टी के लेनदेन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने जैसे कई कामों के लिए उम्र, निवास, नागरिकता और निवास स्थान के सबूत के तौर पर बड़े पैमाने पर स्वीकार किया जाता रहा है। पीआईएल में खास तौर पर नए वोटर रजिस्ट्रेशन (फॉर्म-6) के लिए आवेदन फॉर्म में जन्मतिथि और निवास के सबूत के तौर पर आधार के इस्तेमाल को चुनौती दी गई है। इसमें तर्क दिया गया है कि ऐसा इस्तेमाल आधार अधिनियम, यूआईडीएआई की सूचनाओं और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने केंद्र सरकार, राज्यों और ईसीआई से निर्देश जारी करने की मांग की है कि वे यह पक्का करने के लिए उचित कदम उठाएं कि आधार का इस्तेमाल सख्ती से पहचान के सबूत के तौर पर ही हो, न कि उन कामों के लिए जो आधार अधिनियम और यूआईडीएआई दिशानिर्देशों के तहत मना हैं। आधार एनरोलमेंट फ्रेमवर्क का हवाला देते हुए, याचिका में तर्क दिया गया है कि सभी निवासी, जिनमें भारत में कम से कम 182 दिनों से रह रहे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, आधार पाने के हकदार हैं। इसमें आगे कहा गया है कि आधार एनरोलमेंट कॉमन सर्विस सेंटर्स और रेंट एग्रीमेंट या स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण पत्रों जैसे सहायक दस्तावेजों के माध्यम से किया जा सकता है।

## पूर्वोत्तर एसटी आयकर छूट चुनौती पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयकर अधिनियम, 2025 के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय को दी गई आयकर छूट की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने कहा कि यह मामला मूल रूप से कानून बनाने और नीतिगत फैसलों से जुड़ा है। अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी चिंताओं को संबंधित सरकारी अधिकारियों और संसद की समितियों के सामने रखने की सलाह दी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, "यह शिकायत मुख्य रूप से विधायी (कानून से जुड़ा) मुद्दा है। संसद में ऐसी समितियां हैं, जहां कोई भी नागरिक कानूनों में सुधार या नए सुझाव दे सकता है। हमें विश्वास है कि जनप्रतिनिधि इन मुद्दों से अवगत हैं और इस पर विचार करेंगे।"यह याचिका अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दाखिल की थी। उन्होंने या तो इस कर छूट प्रावधान को रद्द करने या फिर 'क्रीमी लेयर' व्यवस्था लागू करने की मांग की थी, ताकि केवल आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जनजाति के लोगों को ही इसका लाभ मिल सके।याचिका में आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 11 और अनुसूची-3 की क्रम संख्या 19 को चुनौती दी गई थी। इसमें कहा गया था कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के अधिसूचित इलाकों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को बिना किसी आय सीमा, संपत्ति संबंधी शर्त, क्रीमी लेयर नियम या समय-समय पर समीक्षा के आयकर से पूरी छूट दी जा रही है। याचिका के अनुसार, यह छूट पहले आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(26) के तहत उन जनजातीय समुदायों की सुरक्षा के लिए दी गई थी, जो भौगोलिक रूप से दूरदराज और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रहते थे। लेकिन पिछले दो दशकों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है, जिससे परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

## केंद्र सरकार की रोक से गूगल प्ले स्टोर से हटाया गया टेलीग्राम एप्पल ऐप स्टोर पर अब भी उपलब्ध

- **फर्जी टेलीग्राम चैनलों, समूहों और बॉट्स पर कई सप्ताह से निगरानी और कार्रवाई जारी थी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नीट (यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले के बाद यह ऐप भारत में गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है। इस वजह से नए यूजर्स फिलहाल गूगल के आधिकारिक एंड्रॉएड ऐप स्टोर के जरिए टेलीग्राम डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं। यह कदम परीक्षा से जुड़े कथित फर्जीवाड़े, गलत जानकारी फैलाने और नकल के नेटवर्क को रोकने के लिए उठाया गया है, जो कथित रूप से टेलीग्राम के माध्यम से संचालित हो रहे थे। हालांकि, टेलीग्राम अभी भी एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सिफारिशों पर कार्रवाई करते हुए टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी प्रतिबंध लगाया था। सरकार का कहना है कि यह कदम 21 जून को होने वाली नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा से पहले परीक्षा से जुड़े फर्जीवाड़े, गलत सूचना अभियानों और नकल के नेटवर्क को रोकने के लिए जरूरी था। एनटीए के अनुसार, यह प्रतिबंध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत लगाया गया है और यह परीक्षा अवधि तथा उसके तुरंत बाद के समय तक लागू रहेगा।एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम के कई चैनल और समूह कथित रूप से परीक्षा पेपर लीक से जुड़े भ्रामक दावे फैलाने और छात्रों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर ठगने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। अस्थायी प्रतिबंध के अलावा टेलीग्राम को भारत में अपने संदेश संपादन (मैसेज एडिटिंग) फीचर को भी 30 जून तक बंद करने का निर्देश दिया गया है।

## गोशालाएं बनेंगी ग्रामीण उद्योगों का नया केंद्र, जिले को मिलेगी अपनी पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने नई पहल शुरू की है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थानीय संसाधनों और जरूरतों के अनुरूप एक प्रमुख गो-आधारित उद्योग विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इसके लिए प्रदेशभर की गोशालाओं का व्यापक मूल्यांकन पूरा कर लिया है और अब "एक जनपद-एक नवाचार" मॉडल के तहत जिला विशेष योजनाओं को अमल में लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शुरू की जा रही इस पहल का उद्देश्य गोशालाओं को केवल निराश्रित गोवंश के संरक्षण केंद्र तक सीमित न रखकर उन्हें उत्पादन, रोजगार, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण उद्यमिता के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करना है। इसके लिए प्रदेश की गोशालाओं में उपलब्ध भूमि, गोवंश, जल संसाधन, पंचगव्य इकाइयों तथा स्थानीय बाजार की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन किया गया है।

### वायु सेना स्वदेशी कामिकेज ड्रोन करेगी विकसित

## 16,000 फीट की ऊंचाई पर भर सकेंगे उड़ान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी लंबी दूरी के स्वदेशी कामिकेज (वन-वे अटैक) ड्रोन विकसित करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। यह ड्रोन भारतीय उद्योग के सहयोग से तैयार किए जाएंगे। वायु सेना ने वन-वे अटैक अनमैन्ड एरियल सिस्टम के लिए भारतीय कंपनियों के चयन हेतु सीमित टेंडर जारी किया है। यह कामिकेज ड्रोन परियोजना तमिलनाडु के कोयंबटूर के पास सुलूर स्थित 5 बेस रिपेयर डिपो द्वारा संभाली जाएगी, जिसे इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।कामिकेज ड्रोन को 'लोइटरिंग म्यूनिशन' या 'आत्मघाती ड्रोन' भी कहा जाता है। ये एक तरफा (वन-वे) मानव रहित हवाई वाहन होते हैं, जो लक्ष्य क्षेत्र तक पहुंचकर दुश्मन की पहचान करते हैं और टकराकर विस्फोट कर देते हैं।

रक्षा मंत्रालय के फैसले के अनुसार, इस ड्रोन प्लेटफॉर्म के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स भारतीय वायु सेना के पास रहेंगे। इसे पूरी तरह भारत में ही घरेलू कंपनियों और स्टार्टअप्स की मदद से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। इस परियोजना से जरूरत के अनुसार तेज अपग्रेड, बदलाव और अनुकूलन संभव होगा। आईएएफ के अनुसार, यह लंबी दूरी के कामिकाजे ड्रोन 16,000 फीट तक की ऊंचाई पर काम कर सकेंगे और दिन-रात दोनों समय में संचालित होंगे। पहले नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत को ड्रोन निर्माण में वैश्विक केंद्र बनने के लिए मिशन मोड में काम करना चाहिए।उन्होंने कहा था कि यह रणनीतिक स्वतंत्रता और रक्षा तैयारी को मजबूत करने के लिए जरूरी है और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान-इजराइल तनाव तक हाल के संघर्ष दिखाते हैं कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका बहुत अहम होगी।उन्होंने यह भी कहा कि भारत में ड्रोन निर्माण केवल अंतिम उत्पाद तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसके हर हिस्से (कंपोनेंट) का निर्माण भी देश में होना चाहिए।उन्होंने कहा, "ड्रोन के मोल्ड्स से लेकर सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक सब कुछ भारत में ही बनना चाहिए। यह आसान काम नहीं है, क्योंकि कई देशों में ड्रोन के महत्वपूर्ण हिस्से अभी भी चीन से आयात किए जाते हैं।" उन्होंने बताया कि भारत के रक्षा नवाचार इकोसिस्टम में स्टार्टअप्स और एमएसएमई की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### योजना | अल नीनो से निपटने के लिए कृषि मंत्रालय ने तैयार की रणनीति, हर हफ्ते होगी बैठक

# कम वर्षा वाले जिलों के लिए विशेष रणनीति बनेगी

- **जल संरक्षण, नमी प्रबंधन, इंटरक्रॉपिंग और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर ध्यान देने का निर्देश**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन में उच्चस्तरीय बैठक कर संभावित अल नीनो परिस्थितियों से निपटने की रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने कपास का उत्पादन बढ़ाने, दलहन में आत्मनिर्भरता और कम बारिश वाले जिलों के लिए अग्रिम आकस्मिक योजना पर विशेष जोर दिया। अल नीनो की संभावित स्थिति पर चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने साफ निर्देश दिया कि जिन जिलों में कम बारिश या वर्षा में असमानता की आशंका है। ऐसे जिलों की स्पष्ट पहचान कर राज्य सरकारों के साथ मिलकर फसलवार कंटिंजेंसी प्लान तैयार किए जाएं, ताकि किसी भी मौसमीय चुनौती की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि पानी के संरक्षण, नमी प्रबंधन, इंटरक्रॉपिंग और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर विशेष ध्यान देते हुए हर जोखिम वाले जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति बनाई जाए। चौहान ने यह भी निर्देश दिए कि जिन 9–10 राज्यों में अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां के चिह्नित जिलों के जिला अधिकारियों, कृषि विभाग, केवीके और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जाएं। जिला स्तर पर पूरी स्थिति स्पष्ट कर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि हर किसान को यह पता रहे कि उसके क्षेत्र के लिए कौन-सी सावधानियां और कौन-से फसल विकल्प अधिक सुरक्षित हैं। चौहान ने पत्रकारों से कहा कि खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के बजाय, वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर शांत, भरोसेमंद और समाधान-उन्मुख संदेश किसानों तक पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है।

## मानसून की रफ्तार के साथ आपूर्ति चुस्त-दुरुस्त रखी जाएगी

चौहान ने सरकार का प्रयास है कि अरहर, उड़द, मूंग जैसी दालों में देश अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बने और आयात पर निर्भरता कम हो। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर फसल चक्र, क्षेत्र विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसान सुरक्षित आय के साथ दलहन उत्पादन बढ़ा सकें। समीक्षा के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता, बाजार में मंडी भाव, जलाशयों एवं जल भंडारण की स्थिति और राज्यवार स्टॉक की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक उपलब्धता है और जैसे-जैसे मानसून की रफ्तार बढ़ेगी, राज्यों और जिलों तक आपूर्ति को और चुस्त-दुरुस्त रखा जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही इस पर भी जोर दिया कि जहां कहीं भी सूक्ष्म स्तर पर कमी की आशंका दिखे, वहां अग्रिम रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# दृष्टिपात

## जमात-ए-इस्लामी हिंद ने देशभर में चल रहे विध्वंस अभियान को रोकने की मांग की

**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईआईएच) के नेताओं ने मंगलवार को देश भर में चल रहे विध्वंस अभियानों, अमेरिका-ईरान शांति समझौते, राज्यसभा चुनावों की निष्पक्षता और पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। मीडिया को संबोधित करते हुए जेआईआईएच के उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान और अन्य नेताओं ने नागरिक समाज, मानवाधिकार संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों से इन मुद्दों का संज्ञान लेने और प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता दिखाने का आग्रह किया। जमात-ए-इस्लामी हिंद ने दोहराया कि सभी नागरिकों के अधिकारों, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा करना राष्ट्र के संवैधानिक और लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखने के लिए मौलिक है। मलिक मोतासिम खान ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में दिल्ली, बांद्रा, फरीदाबाद, विरामगाम (गुजरात), गोरेगांव (महाराष्ट्र), वाराणसी, संभल, जयपुर, भायंदर, पीसीएमसी और इटावा में तोड़फोड़ अभियान चलाए गए। उन्होंने आगे कहा कि पिंपरी चिंचवड में अधिकारियों ने कई धार्मिक ढांचों को नोटिस जारी किए और देर रात चलाए गए अभियान में कई ढांचों को ध्वस्त कर दिया। सूरत के नासिर नगर में तीन दिनों में 106 मकान ध्वस्त किए गए और जयपुर में सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत नूरानी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कई प्रभावित परिवार बिना उचित आश्रय और पुनर्वास संबंधी किसी स्पष्ट जानकारी के वंचित रह गए हैं।

## राम मंदिर के दानपात्र में करते हैं घपलेबाजी और हमें पढ़ाते हैं मूल्यों का पाठ : अधीर रंजन



**मुर्शिदाबाद।** कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राम मंदिर दानपात्र के घपलेबाजी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राम मंदिर के निर्माण के लिए सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के श्रद्धालुओं ने अपने कदम आगे बढ़ाए थे। सभी ने खुल दिल से राम मंदिर के निर्माण में अपनी कमाई का हिस्सा योगदान के रूप में दिया था, क्योंकि सभी के जेहन में इस बात को लेकर खुशी थी कि इतने लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या नगरी में राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। इसी को देखते हुए लोगों ने खुले दिल से योगदान दिया था। अब जब राम मंदिर के दानपात्र में घपलेबाजी का मामला सामने आया है, तो मैं फिर से इस बात को दोहराते हुए कह रहा हूं कि इस घपलेबाजी में शामिल लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। अगर हमारे देश में राम मंदिर के दानपात्र में घपलेबाजी हो रही है, तो आप इस बात का अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं कि सिस्टम कितना लचर हो चुका है। इसके बावजूद कुछ लोग इन सब बातों को भूलकर सिर्फ हमें तथ्यों और मूल्यों का पाठ पढ़ा रहे हैं। अब ऐसे में मेरा सवाल है कि क्या हम इन तथ्यों और मूल्यों को स्वीकार कर सकते हैं। एक तरफ जहां आप आस्था के नाम पर इतना बड़ा घोटाला करते हैं।

## सीबीआई ने आईडीएफसी धोखाधड़ी मामले में पहला आरोप पत्र दाखिल किया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को चंडीगढ़ के विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) की अदालत में चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी साइंस एंड टेक्निकल प्रमोशन सोसाइटी (सीआरईएसटी) के फंड के दुरुपयोग के संबंध में पहला आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकारी, क्रेईएसटी के लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल हैं। कुल 13 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं, जिनमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के 5 बैंक अधिकारी, सीआरईएसटी (चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन) के 2 सरकारी कर्मचारी, 2 फर्जी कंपनियां और 4 निजी व्यक्ति शामिल हैं। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन पर आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, साक्ष्य नष्ट करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। वर्तमान मामला सरकारी निधि के दुरुपयोग से संबंधित है, जिसमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकारियों द्वारा सीआरईएसटी के सरकारी कर्मचारियों के साथ आपराधिक मिलीभगत से सीआरईएसटी के बैंक खातों से 75.34 करोड़ रुपए की राशि निकाली गई।

## गठबंधन की लुटिया डुबोने वाली कांग्रेस अब गठबंधन का पाठ पढ़ा रही : रोहन गुप्ता



**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा इंडिया गठबंधन के नेताओं को दी गई नसीहत पर भाजपा नेता रोहन गुप्ता ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर अपने राजनीतिक हितों के लिए सहयोगी दलों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज वही पार्टी दूसरों को गठबंधन धर्म का पाठ पढ़ा रही है, जिसने स्वयं इंडिया गठबंधन को कमजोर किया है। रोहन गुप्ता ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने इंडी गठबंधन की लुटिया डुबो दी, आज वही अपने सहयोगी दलों को सलाह दे रही है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन के बाद इंडिया गठबंधन पूरी तरह बिखर चुका है। हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने निजी स्वार्थों के चलते गठबंधन के साथियों के हितों की अनदेखी की। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करने की जरूरत है कि वह इंडिया गठबंधन का उपयोग अपनी सत्ता बचाने के लिए कर रही है या वास्तव में सहयोगी दलों के हितों के लिए।

## ईरान-अमेरिका युद्धविराम समझौते में इजरायल, हिज्बुल्लाह भी पक्ष हैं : अराग्ची

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ समझौता ज्ञापन पर शुक्रवार को हस्ताक्षर से पहले आज स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस समझौते में इजरायल और हिज्बुल्लाह भी पक्ष हैं तथा लेबनान में लड़ाई रोकना इस समझौते का जरूरी हिस्सा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने मंगलवार को यहां विदेशी राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि ईरान, लेबनान के संगठन हिज्बुल्लाह के साथ-साथ इजरायल को भी अमेरिका के साथ हुए समझौते का एक पक्ष मानता है। अराग्ची ने कहा, "मैं एक ज़रूरी बात पर ज़ोर देना चाहता हूं। हमारे नज़रिए से, समझौते का एक पक्ष अमेरिका और इजरायल है और दूसरा पक्ष ईरान और हिज्बुल्लाह है। लेबनान में लड़ाई रोकना, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने का एक ज़रूरी हिस्सा है।"ईरान के शीर्ष राजनयिक ने कहा, "इस युद्ध के दौरान कब्ज़े में लिए गए इलाकों से इजरायली सेना के हटे बिना, युद्ध को पूरी तरह खत्म नहीं माना जा सकता। लेबनान पर इजरायल का कोई भी हमला समझौते का उल्लंघन माना जाएगा।

## तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन ने किया हमला, ट्रंप बोले-रूस को अब समझौता कर लेना चाहिए

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन की लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल से मॉस्को क्षेत्र को निशाना बनाने का दावा कयिा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने मॉस्को क्षेत्र में करीब 500 किलोमीटर दूर स्थित एक तेल रिफाइनरी पर हमला कयिा। यह हमला रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध समाप्त करने की रणनीति का हिस्सा है। यूक्रेन का ये हमला रूस के एक दिन पहले कएि गए हमलों के जवाब कयिा गया। रूस ने रविवार की रात 70 मिसाइलों और 611 ड्रोन की मदद से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले कएि। इन हमलों में 60 से अधिक मिसाइलें तो राजधानी कीव में ही दागी गईं। इन हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कीव में 35 लोग घायल हुए हैं। पूरे देश में 53 लोग घायल बताए गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, ''इस बार मॉस्को ने भी यूक्रेन की लंबी दूरी तक मार करने वाली क्षमताओं का असर देखा। लगभग 500 किलोमीटर दूर स्थित उसकी एक तेल रिफाइनरी पर हमला किया गया।''

# ईरानी फुटबॉल टीम बोली- हमें तुरंत अमेरिका छोड़ने को कहा गया

## मैच के तुरंत बाद मेक्सिको जाना पड़ा, ईरानी खिलाड़ी ने गन सेलिब्रेशन किया था

**एजेंसी । कैलिफोर्निया**

अमेरिका में फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान ईरानी प्लेयर के गन सेलीब्रेशन पर विवाद हो गया। इस घटना के बाद ईरानी टीम को मैच के तुरंत बाद अमेरिका से मेक्सिको जाने को कहा गया। ईरान की टीम का बेस कैंप मेक्सिको है। अमेरिका में हर मैच के बाद ईरान को बेस कैंप लौटना होता है। ईरान के कोच आमिर घालेनोई ने फीफा और अमेरिकी अधिकारियों पर आरोप लगाए कि टीम को आराम का वक्त भी नहीं मिला। दरअसल लॉस एंजिल्स के मैदान पर मंगलवार सुबह न्यूजीलैंड के खिलाफ ईरान ने मैच खेला। ईरान ने न्यूजीलैंड को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। ईरान के मिडफील्डर मोहम्मद मोहेबी ने भी एक गोल किया। इसके बाद उन्होंने गन सेलिब्रेशन किया था। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। कई फैंस ने आलोचना करते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

### स्टेडियम के बाहर ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

करीब 4 महीने लंबी जंग के बाद अमेरिका-ईरान के बीच समझौता हो गया है, लेकिन मैच के दौरान भी इस तनाव का असर देखा गया। स्टेडियम के बाहर अमेरिकी प्रशंसकों ने झंडे लहराए और ईरानी सरका के खिलाफ प्रदर्शन किया।



मोहम्मद मोहेबी के सेलीब्रेशन पर कंट्रोवर्सी हो रही है मोहम्मद मोहेबी ने गोल करने के बाद उन्होंने गन सेलिब्रेशन किया था

### कप्तान तारेमी बोले... हमारे लिए सब मुश्किल

मैच के बाद ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा- मेक्सिको से लॉस एंजिल्स पहुंचने में टीम को पांच घंटे लगे। आमतौर पर यह समय काफी कम होता है। सुरक्षा जांच और अन्य प्रक्रियाओं के कारण बेवजह परेशानी झेलनी पड़ी। फीफा से ज्यादा सहयोग की उम्मीद थी। इस समय हमारे लिए सब कुछ मुश्किल हो गया है।

### ईरानी वीजा और टिकट पर भी विवाद हुआ था

- **ईरानी फुटबॉल टीम की तैयारियां पहले से कई समस्याओं से घिरी रही है। अमेरिका ने ईरान फुटबॉल महासंघ के कुछ अधिकारियों, सहयोगी स्टाफ और मीडिया प्रतिनिधियों को वीजा नहीं दिए जाने के कारण टीम का सपोर्ट सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।**
- **वर्ल्डकप से पहले ईरान के फुटबॉल महासंघ ने आरोप लगाया कि विश्व कप के लिए उसके लिए रिजर्व टिकटों का हिस्सा वापस ले लिया गया। इससे उन ईरानी प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है जिन्होंने पहले ही यात्रा की बुकिंग कर ली थी। ईरानी समर्थकों को टिकट कोटे से वंचित करना खेल भावना के खिलाफ है।**



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज 35 हजार विद्यालयों में शुरू हुआ योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर राज्य के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में तैयारियां तेज हो गई हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निर्देश पर 16 जून से 20 जून तक सभी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 7:17 बजे से 8:00 बजे तक समान योग अभ्यास पद्धति का अभ्यास कराया जा रहा है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" निर्धारित की गई है। राज्य के लगभग 35 हजार विद्यालयों के 45 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इस योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर रहे हैं। योग कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं नामित नोडल शिक्षकों को जिला, प्रखंड और संकुल स्तर पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसी क्रम में 17 जून तक सभी विद्यालयों में योग क्लब का पुनर्गठन किया जाएगा। सात सदस्यीय योग क्लब में प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक अथवा नोडल शिक्षक, बाल संसद के प्रधानमंत्री, खेल मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा योग में रुचि रखने वाले या खेलो झारखंड योग प्रतियोगिता के विजेता दो छात्र-छात्राओं को शामिल किया जाएगा। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने बताया कि योग क्लब के माध्यम से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन पहली घंटी से पहले दो मिनट का ध्यान तथा प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को विद्यालय स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। राज्यभर के विद्यालयों में चल रहा यह विशेष अभियान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सीनियर एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने 26वीं सीनियर एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए सीनियर नेशनल टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतियोगिता 19 से 24 जून तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में 30 से ज्यादा देशों के 400 से अधिक टॉप एथलीट्स हिस्सा लेंगे। भारतीय टीम में 24 एथलीट (12 महिला और 12 पुरुष) शामिल हैं, जिनकी अगुवाई भारत की पहली और एकमात्र फेंसिंग ओलंपियन चदलावदा आनंदा भवानी देवी कर रही हैं। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सतेज पाटिल ने कहा, "हम नई दिल्ली में एक शानदार, वर्ल्ड-क्लास टूर्नामेंट की मेजबानी करने को लेकर बहुत उत्साहित और पूरी तरह से आश्वस्त हैं।

मुझे भारतीय टीम की तैयारी और टैलेंट पर पूरा भरोसा है कि वे इस बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे और एशियन गेम्स के लिए क्वालिफिकेशन स्पॉट हासिल करेंगे। दुनियाभर के बेहतरीन फेंसर्स का भारत में स्वागत करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। हम खेल भावना के असाधारण प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं। स्टार फेंसर सीए भवानी देवी ने कहा, "इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय फेंसिंग के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इतने प्रतिष्ठित मंच पर अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक बहुत बड़ा सम्मान और आगे बढ़ने का शानदार मौका है।

## जापान को हराकर भारत सेमीफाइनल में महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप न्यूजीलैंड 2025-26 में भारतीय महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में भारत ने जापान को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। भारत की ओर से कप्तान सलीमा टेटे और लालरेमसियामी ने एक-एक गोल कर टीम को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। जापान की टीम पूरे मुकाबले में केवल एक गोल ही कर सकी और भारतीय रक्षा पंक्ति को पूरी तरह भेदने में सफल नहीं हो पाई। भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और अनुशासित खेल का परिचय देते हुए मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। रक्षा पंक्ति और गोलरक्षक के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण जापान को बराबरी का मौका नहीं मिल सका। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में अमेरिका को 3-2 से पराजित किया था। लगातार दो जीत के साथ भारतीय टीम अब अपने पूल में 6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।



प्रतियोगिता में भारत का अगला और लीग चरण का अंतिम मुकाबला 18 जून को उरुग्वे के खिलाफ खेला जाएगा। टीम के शानदार प्रदर्शन से भारतीय हॉकी प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। भारतीय महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत और सेमीफाइनल में प्रवेश पर खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## ऐतिहासिक उपलब्धि : ज्योति ने पूरे किए 100 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने की सराहना

**एजेंसी । ऑकलैंड**

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को न्यूजीलैंड में एफआईएच विमेंस हॉकी नेशंस कप में जापान के खिलाफ भारत के मैच के दौरान 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर मिडफील्डर ज्योति को बधाई दी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, "हॉकी इंडिया ज्योति को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने की शानदार कामयाबी पर बधाई देता है। इस उपलब्धि तक पहुंचना उनके समर्पण, निरंतरता और वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। वह भारतीय महिला हॉकी टीम की एक अहम सदस्य रही हैं। उन्होंने जब भी देश का प्रतिनिधित्व किया है, हमेशा जबरदस्त प्रतिबद्धता दिखाई है। हमें उनकी कामयाबियों पर गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हॉकी इंडिया के सचिव जनरल भोला नाथ सिंह ने भी ज्योति को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, "100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करना एक बड़ी कामयाबी है। यह ज्योति की खेल के प्रति लगन और प्रतिबद्धता को दिखाता है। इतने वर्षों में, उन्होंने खुद को एक भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर साबित किया है और भारतीय महिला हॉकी टीम के विकास और कामयाबी में बहुत बड़ा योगदान दिया है।



उनका सफर उन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है, जो सबसे ऊंचे लेवल पर देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं।

## झारखंड स्पोर्ट्स सोसाइटी की प्रथम वार्षिक आमसभा 21 जून को

**रांची**। झारखंड स्पोर्ट्स सोसाइटी (जेएसएस) की प्रथम वार्षिक आमसभा आगामी 21 जून 2026 (रविवार) को प्रातः 11 बजे मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, मोराबादी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड के पूर्व ओलंपियन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल प्रशासक, खेल पत्रकार, प्रशिक्षक, खेल अधिकारी, खेल विशेषज्ञ और खेल सलाहकार शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व खिलाड़ियों की पहचान और अस्तित्व को सशक्त बनाए रखना, युवा खिलाड़ियों की समस्याओं पर चर्चा करना, झारखंड स्पोर्ट्स सोसाइटी के सफल संचालन के लिए समिति का गठन करना तथा राज्य में खेल विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करना है।

- **खेल विकास और खिलाड़ियों के हितों पर होगी चर्चा**

## रांची जिला ओलंपिक एसोसिएशन की बैठक संपन्न, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन की विशेष बैठक आज श्री निशीकांत पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन से संबद्ध विभिन्न जिला खेल संघों द्वारा वृहद रूप से मनाया जाएगा। इसके तहत प्रातः 9:00 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर तले सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खेल संघों के खिलाड़ी, पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी भाग लेंगे। बैठक में झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के आयोजन पर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 23 जून 2026 को प्रातः 6:30 बजे साइक्लोथॉन के साथ ओलम्पिक दिवस समारोह का शुभारम्भ किया जाएगा। यह कार्यक्रम झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन एवं रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसी दिन बिरसा मुंडा स्टेडियम परिसर में फलदार वृक्षों का रोपण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 28 जून 2026 को मोराबादी मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। वहीं झारखंड ओलम्पिक परिसर में "ओलम्पिक 2036" एवं "ग्रीन फॉरेस्ट" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ओलम्पिक सप्ताह के दौरान विभिन्न जिला खेल संघों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा खेल, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं ओलम्पिक मूल्यों से संबंधित जागरूकता सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए सभी जिला खेल संघों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत और खाड़ी देशों के बीच गहरे पानी में एनर्जी पाइपलाइन बनाने की रिपोर्ट्स को केंद्र ने किया खारिज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें ये दावा किया गया था कि सरकार भारत के गुजरात से ओमान और अन्य खाड़ी देशों के बीच गहरे पानी में एक एनर्जी पाइपलाइन विकसित करने पर काम कर रही है। इन रिपोर्ट्स पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए, पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि हमारे ध्यान में ऐसी कई मीडिया रिपोर्ट आई हैं जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार 'मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवॉटर पाइपलाइन' (एमईआईडीपी) नाम की एक डीप-सी एनर्जी पाइपलाइन बनाने पर तेजी से काम कर रही है, जो गुजरात को ओमान और खाड़ी के अन्य देशों से जोड़ेगी। मंत्रालय ने बयान में कहा, "पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय साफ तौर पर यह स्पष्ट करना चाहता है कि इस समय मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इस प्रोजेक्ट को लेकर ओमान या किसी अन्य खाड़ी देश के साथ मंत्रालय के किसी भी स्तर पर कोई सक्रिय चर्चा या बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने आगे कहा, "यह स्पष्टीकरण इस मामले से जुड़ी सभी अटकलों को खत्म करने के लिए जारी किया गया है।" इसके अतिरिक्त, भारत लगातार मध्य पूर्व से ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। माल्टा के झंडे वाला एलएनजी कैरियर 'दिशा' सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरा। यह जहाज गुजरात के दहेज के लिए 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर जा रहा है और इसके 18 जून को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

इस जहाज का प्रबंधन शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाला एक ग्रुप कर रहा है। सरकार ने कहा कि वह भारतीय नाविकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने और उन्हें हर तरह की मदद देने के लिए विदेश मंत्रालय, विदेशों में भारतीय मिशनों, शिपिंग कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में है। पूरे भारत में बंदरगाहों का कामकाज सामान्य है। ओमान के तट पर एक कमर्शियल जहाज 'एमटी सेटेबेलो' पर अमेरिकी सेना के हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिनों बाद, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजीएस) ने शिपिंग कंपनियों और समुद्री भर्ती व प्लेसमेंट एजेंसियों को सलाह दी है।



गैस पाइपलाइन परियोजना पर मंत्रालय का स्पष्टीकरण

- **मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है**
- **ओमान या किसी खाड़ी देश के साथ कोई सक्रिय वार्ता नहीं चल रही**

## रांची के खुदरा कारोबारियों के लिए खुल रहे नए अवसर, आधुनिक सुविधाओं से मिल रही नई उड़ान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची**। राजधानी रांची के छोटे दुकानदारों, भोजनालय संचालकों और स्थानीय कारोबारियों के लिए कारोबार बढ़ाने के नए अवसर सामने आ रहे हैं। पेय पदार्थ क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कोका-कोला इंडिया और मून बेवरेजेज लिमिटेड की ओर से व्यापारियों को शीतलन अवसंरचना, रेफ्रिजरेटर और डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसायों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार इस पहल का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को बेहतर ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके व्यवसाय के विस्तार में सहयोग करना है। आधुनिक सुविधाओं और तकनीकी सहायता के माध्यम से कारोबारियों को बदलते बाजार के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। कोका-कोला इंडिया एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया के उपाध्यक्ष संदीप बजोरिया ने कहा कि स्थानीय दुकानदार किसी भी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उन्हें आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से जोड़कर कारोबार को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अधिक ग्राहकों तक पहुंच बना सकें और अपनी आय बढ़ा सकें। वहीं एमएमजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल उपकरण और बेहतर बुनियादी सुविधाएं छोटे कारोबारियों के लिए नए अवसरों का सृजन कर रही हैं। इससे न केवल व्यापार बढ़ रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस पहल का लाभ उठाने वाले कई स्थानीय व्यवसायों ने ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाई है, कारोबार का विस्तार किया है और रोजगार सृजन में भी योगदान दिया है। इससे रांची के खुदरा व्यापार क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## भारत में 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या 2031 तक 1.1 अरब पहुंचने का अनुमान : रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत में 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या 2031 तक 1.1 अरब पहुंचने का अनुमान है और इस दौरान कुल सब्सक्रिप्शन में 5जी की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 81 प्रतिशत हो जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 5जी को अपनाने की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह किफायती 5जी सक्षम स्मार्टफोन और डिवाइस की उपलब्धता, सभी जिलों में नेटवर्क कवरेज और उपलब्धता में विस्तार,और 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सेवाओं का बढ़ता रोलआउट है। दुनिया भर में संचार सेवा प्रदाताओं की ओर से 5जी एसए नेटवर्क स्लाइसिंग पर आधारित कमर्शियल और अलग तरह की कनेक्टिविटी सेवाओं की पेशकश भी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के आखिर तक भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन की संख्या 430 मिलियन तक पहुंच गई है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 35 प्रतिशत है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि जैसे-जैसे यूजर्स 5जी पर शिफ्ट हो रहे हैं, 4जी सब्सक्रिप्शन की संख्या 2025 में लगभग 570 मिलियन से घटकर 2031 तक लगभग 160 मिलियन रह जाने की उम्मीद है। फिलहाल, भारत में मोबाइल सब्सक्रिप्शन के मामले में 4जी ही सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली टेक्नोलॉजी बनी हुई है, जिसकी हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है। इसके अलावा, प्रति स्मार्टफोन मोबाइल डेटा खपत के मामले में भी देश दुनिया में सबसे आगे है। यहां औसत मासिक खपत पहले से ही 37 जीबी है और 2031 तक इसके लगभग दोगुना होकर 70 जीबी तक पहुंचने की उम्मीद है।



## लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स में 0.71 प्रतिशत की बढ़त

**एजेंसी । मुंबई**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 में 0.50 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 544.15 अंक या 0.71 प्रतिशत बढ़कर 76,808.48 पर और निफ्टी 135.25 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 23,989.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स अपने पिछले बंद 76,264.33 से 262.44 अंक बढ़कर 76,526.77 पर खुला और दिन के कारोबार में 76,846.74 का उच्चतम स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 23,853.90 से 70 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,923.90 पर खुलकर दिन के कारोबार में 24,002.60 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। व्यापक कारोबार में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.40 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी ऑटो, निफ्टी फार्मा, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी मेटल को छोड़कर, अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।

निफ्टी आईटी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी मीडिया, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियल्टी में 1-2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी में सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाली कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचयूएल और ओएनजीसी शामिल रहीं, जबकि हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी लाइफ, आइशर मोटर्स और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल रहीं। एक मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच हुए औपचारिक शांति समझौते तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की योजना से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। इन घटनाओं से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा और भू-राजनीतिक तनाव को लेकर बनी चिंताएं काफी हद तक कम हुई हैं, जिससे दुनिया भर के बाजारों में सकारात्मक माहौल बना है। एक्सपर्ट ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग घटी है, जिसका फायदा भारतीय रुपए को मिला।







### भारत का वार्षिक निर्यात बीते 12 वर्षों में 85 प्रतिशत

**नई दिल्ली ।** भारत का कुल निर्यात बीते 12 वर्षों में करीब 85 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 863 अरब डॉलर हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 468 अरब डॉलर था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दी गई। मंत्रालय ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश की वार्षिक वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत रही है। इस दौरान सर्विसेज सेक्टर की वृद्धि दर सालाना आधार पर 9 प्रतिशत रही है। समीक्षा अवधि में वस्तुओं का निर्यात बढ़कर 442 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2014-15 में 310 अरब डॉलर था। इस दौरान इंजीनियरिंग गुड्स और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के निर्यात में तेज बढ़ोतरी हुई है।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद एवं वार्डेन अनिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। मौके पर डॉ. गोपाल प्रसाद ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें कृमि मुक्त रखना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डेन, शिक्षिकाएं एवं स्वास्थ्यकर्मी दीपक कुमार, प्रदीप ठाकुर, अभिमन्यु कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ऊंटारी रोड की बांकी नदी के किनारे दफन अज्ञात शव कब्र से निकाला गया

## मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुई कार्रवाई , पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया शव

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकी नदी के समीप दफनाए गए एक अज्ञात शव को मंगलवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र से बाहर निकाला गया। यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। मौके पर मजिस्ट्रेट वासुदेव राय, ऊंटारी रोड थाना प्रभारी संतोष कुमार गिरी तथा आरपीएफ के दो जवान मौजूद रहे। ऊंटारी रोड



थाना के सब इंस्पेक्टर संजय सिंह, उदय पासवान, मुन्ना लाल जामुदा एवं थाना के चौकीदारों की सहायता से शव को कब्र से बाहर निकाला गया। शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है तथा शव की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**मृतक की पहचान को लेकर आसपास के क्षेत्रों में संपर्क जारी**

समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों से संपर्क कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व बांकी नदी के समीप यह शव बरामद हुआ था, जिसे आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दफना दिया गया था। अब मजिस्ट्रेट के आदेश पर शव को पुन: कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

# संगठन मजबूत कर जनसमस्याओं पर आंदोलन करें : रघुवर दास

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का सतबरवा परिसदन भवन में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा नेताओं ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड स्तर से लेकर पूरे राज्य में



भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता परेशान है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की अपील की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, युवा नेता प्रवेश यादव, अशर्फी यादव, धावाडीह के उपमुखिया मुधिर साहू, उपेंद्र उरांव, राकेश कुमार भुईयां सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मुखिया जमुना यादव पंचतत्व में विलीन, शोक की लहर

**हैदरनगर।** कुकही पंचायत के पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी जमुना यादव का अंतिम संस्कार मंगलवार को देवरी ग्राम स्थित सोन नदी तट के मुक्ति धाम में किया गया। सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए जमुहार स्थित नारायण मेडिकल एंड रिसर्च हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही कुकही पंचायत समेत आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. यादव लंबे समय तक पंचायत की जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

# बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन : नगर अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता ने नगर क्षेत्र में चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद उन्हें नियमित और पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि लगातार बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है, पानी की टंकियां नहीं भर पा रही हैं और भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब चुप बैठना संभव नहीं है। यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं




किया गया तो नगर पंचायत के नेतृत्व में बिजली विभाग कार्यालय का घेराव, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। नगर अध्यक्ष ने पलामू उपायुक्त, बिजली विभाग के महाप्रबंधक (जीएम) और कार्यपालक अभियंता (ईई) से तत्काल हस्तक्षेप कर छतरपुर नगर क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## झारजल पोर्टल की समीक्षा में सख्त दिखे उपायुक्त

# लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन व निर्बाध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजनों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारजल पोर्टल की समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी तथा संबंधित कर्मी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध पेयजलापूर्ति को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी अधिकारियों को क्षेत्रवार लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रखंड स्तर पर मिस्त्री, मुखिया, पंचायत सचिव,




कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखा जाए। बैठक में बताया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा झारजल पोर्टल के माध्यम से पेयजल संबंधी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। आमजन टोल फ्री नंबर 1800-3456-502, मोबाइल एप, व्हाट्सएप नंबर 9470176901 और ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि 16 जून 2026 तक कुल 1826 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1632 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। शिकायतें चापाकल मरम्मत, जलापूर्ति योजना, पाइपलाइन लीकेज, पेयजल संकट, जल गुणवत्ता और स्वच्छता से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि 25 शिकायतें वापस ले ली गई हैं, जबकि 108 मामलों में कार्रवाई जारी है। वहीं 50 शिकायतें विभागीय स्तर पर लंबित हैं। इसके अलावा विभिन्न बीडीओ लॉग-इन में 241 मामले दर्ज हैं, जिनमें 213 का निष्पादन किया जा चुका है। बैठक में जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की कि पेयजल संबंधी समस्या होने पर झारजल पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

**खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराकर उन्हें चालू कराने के निर्देश**

लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने सभी बीडीओ को व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निष्पादित मामलों की अद्यतन रिपोर्ट कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराई जाए, ताकि मुख्यालय को समय पर समेकित प्रतिवेदन भेजा जा सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया एवं पंचायत सचिवों के साथ समन्वय बनाकर खराब पड़े चापाकलों की जानकारी लें और शीघ्र मरम्मत कराकर उन्हें चालू कराएं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि से आवश्यकता के अनुसार नए चापाकल भी लगाए जाएंगे।

### पुलिस चौपाल में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव परशुखाड़ में मंगलवार को पुलिस द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी बीकू कुमार रजक ने किया। इस दौरान ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों, नशामुक्ति, डायल-112 सेवा, डायन-भूत जैसी कुरीतियों से बचाव, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम तथा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी बीकू कुमार रजक ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों और अपराधों के खिलाफ जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने लोगों से किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल-112 पर सूचना देने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। थाना के सशस्त्र बल के जवान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम गांव-गांव तक चलाने की मांग की।

# मनरेगा कर्मियों को 24 घंटे में काम पर लौटने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों में आ रही बाधा को लेकर उप विकास आयुक्त प्रेमलता मुर्मू ने जिले के हड़ताली मनरेगा कर्मियों को 24 घंटे के भीतर कार्यस्थल पर लौटने का निर्देश दिया है। डीडीसी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मार्च 2026 से मनरेगा कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीणों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। लेकिन कर्मियों की हड़ताल के कारण योजनाओं के संचालन और मानव-दिवस सृजन का लक्ष्य प्रभावित हुआ है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि विभागीय निर्देशों और पूर्व में जारी आदेशों के बावजूद कई कर्मी अब तक कार्य पर वापस नहीं लौटे हैं।

### सरस्वतीया नदी सफाई अभियान 17वें दिन भी जारी

**मेराल।** आपन सरस्वतीया नदी सफाई अभियान के तहत मंगलवार को सत्रहवें दिन भी सफाई कार्य जारी रहा। अभियान में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी स्वेच्छा से एक-एक दिन के लिए जेसीबी मशीन उपलब्ध कराकर सहयोग कर रहे हैं।

# राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अर्पणा ने जीता सिल्वर

**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन विद्यालय की छात्रा अर्पणा कुमारी ने राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। 13 से 15 जून तक सरायकेला-खरसावां में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अर्पणा ने 49 से 61 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने छात्रा की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि विद्यालय में मिशन ओलंपिक को ध्यान में रखकर बॉक्सिंग सहित विभिन्न खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## दृष्टिपात

### जपला आरपीएफ के नए निरीक्षक प्रभारी ने संभाला पदभार



**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे आरपीएफ पोस्ट के नवपदस्थापित निरीक्षक प्रभारी संतोष कुमार झा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में योगदान देकर पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने रेल यात्रियों की सुरक्षा और रेल संपत्ति की रक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रभारी निरीक्षक श्री झा ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर हेल्पलाइन 139 पर प्राप्त सूचनाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यभार संभालने के बाद निरीक्षक झा ने पोस्ट के अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ परिचय बैठक की। बैठक में वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा महिला और वरिष्ठ नागरिक यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जवानों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आम जनता और रेल यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ अथवा रेलवे हेल्पलाइन पर दें। पदभार ग्रहण करने पर जपला आरपीएफ पोस्ट के जवानों, स्थानीय रेल कर्मियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने उन्हें बधाई दी।

### अखौरी पतरा में बन रहा भव्य श्री शिव शक्ति धाम मंदिर



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अखौरी पतरा गांव में निर्माणाधीन श्री शिव शक्ति धाम मंदिर जल्द ही क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। श्रद्धा, उत्साह और जनसहयोग से मंदिर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल नहीं होगा, बल्कि सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक भी बनेगा। समिति के अनुसार मंदिर को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमी नागरिकों और समाज के लोगों से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार मिश्रा, सचिव लक्ष्मीकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा तथा सहयोगी सदस्य राजकिशोर चंद्रवंशी, पंकज मिश्रा और बसंत नारायण सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि सभी के सहयोग से यह पवित्र स्थल आने वाले समय में भक्ति और आध्यात्मिकता का प्रमुख केंद्र बनेगा। समिति ने आम लोगों से इस धार्मिक संकल्प में सहभागी बनने और श्री शिव शक्ति धाम को पलामू जिले में नई पहचान दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया है।

### पांच साल बाद भी नहीं हुआ पेयजल योजना का पूरा भुगतान



**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत मुख्यालय स्थित कैलाश सिंह उच्च विद्यालय में 15वें वित्त आयोग मद से स्थापित सोलर ऊर्जा संचालित पेयजलापूर्ति योजना की पूरी राशि का भुगतान पांच वर्ष बाद भी लाभुक समिति को नहीं किया गया है। इससे समिति के सदस्यों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि विद्यालय की छत पर पानी की टंकी स्थापित कर पाइपलाइन के माध्यम से नल कनेक्शन दिया गया, जिससे विद्यालय की पेयजल समस्या का समाधान हो गया। लेकिन योजना की बकाया राशि का भुगतान अब तक नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पंसस सह प्रखंड उपप्रमुख नगीना सिंह को आवंटित राशि से इस योजना को धरातल पर उतारा गया था। 16 अगस्त 2022 से ही इस योजना के माध्यम से विद्यालय में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। इसके बावजूद संबंधित मद की राशि का पूर्ण भुगतान अब तक लंबित है। लाभुक समिति का कहना है कि इसी मद से संचालित अन्य जलमीनार योजनाओं का भुगतान कर दिया गया, लेकिन इस योजना को नजरअंदाज किया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा लंबित राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

### कोसीआरा स्टेशन पथ जर्जर, बरसात में बढ़ेगी परेशानी

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य मार्ग से कोसीआरा स्टेशन जाने वाला संपर्क पथ लंबे समय से जर्जर स्थिति में पड़ा है। पटखौलिया स्कूल के समीप से स्टेशन तक जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश में भी सड़क पर जलजमाव और कीचड़ फैल जाता है। ऐसे में बरसात के दिनों में इस मार्ग से गुजरना और भी मुश्किल हो जाएगा। सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## पेज एक के शेष

### सरकार और किसानों...

उन्होंने पशुधन का जिक्र करते हुए कहा कि ये गाय-बकरियां भी तभी बचेंगी, जब धरती पर पानी, पेड़ और हरियाली सुरक्षित रहेगी। इंसानों का वजूद भी पानी और पेड़ पौधों से ही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर स्वयं कृषि व्यापार मेले में लगे स्टॉलों का भ्रमण किया तथा अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिरसा कृषि रथ-2026 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 16 से 18 जून 2026 तक आयोजित इस मेले में राज्यभर के प्रगतिशील किसान, देशभर के कृषि वैज्ञानिक शामिल हो रहे हैं। सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के 200 स्टॉल मेले में लगाए गए हैं, जहां नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। विभिन्न विषयों पर आयोजित सेमिनार में किसान नई तकनीक और नवाचारों से अवगत हो सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक सहित राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कृषक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डायन-बिसाही के...

आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की घटनाएं भी हुई थीं। बताया गया है कि मृत महिला के पति चामू लोहरा के भाई जीतराम लोहरा की मृत्यु वर्ष 2012 में हो गई थी, जबकि उसके दो वर्ष बाद जीतराम लोहरा के एकलौते पुत्र कृष्णा लोहरा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार में निसंतान दंपति होने के कारण संपत्ति को लेकर विवाद और भी गहरा गया था। हत्या की इस वारदात के बाद नामकुम पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। हालांकि, जांच के बाद अदालत में चार्जशीट केवल एक आरोपी बाशो देवी उर्फ बसंती देवी के खिलाफ दाखिल की गई। मामले के सूचक मृतका के पति चामू लोहरा हैं।

### रांची विश्वविद्यालय में...

कि सभी विभागों, शाखाओं और संबंधित कार्यालयों को निर्धारित कार्यालय अवधि का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यालयीन कार्यों के सुचारु संचालन और कर्मचारियों की कार्य दक्षता को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय के बाद अब कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को नियमित अवकाश का लाभ मिलेगा, जबकि शेष कार्यदिवसों में निर्धारित समय के अनुसार कार्यालय संचालित होंगे। रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### हजारीबाग में कोल...

हाल के दिनों में यह विवाद और गहरा गया था। कुछ दिन पहले परियोजना प्रभावित ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों को घेर लिया था। बाद में पुलिस हस्तक्षेप के बाद अधिकारियों को वहां से सुरक्षित निकाला गया। इस घटना के संबंध में कंपनी की शिकायत पर सैकड़ों ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। बताया जा रहा है कि इसी कार्रवाई को लेकर इलाके में नाराजगी बढ़ रही थी। मंगलवार सुबह अचानक बड़ी संख्या में लोग कंपनी के साइट कार्यालय पहुंच गए। देखते ही देखते कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ शुरू हो गई। दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर और अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिए गए। घटना के दौरान कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों की भीड़ ने कार्यालय में तोड़फोड़ की है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर हमलावरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परियोजना विरोध, हालिया पुलिस कार्रवाई और अन्य संभावित कारणों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। स्थानीय एसडीपीओ समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। घटना के बाद परियोजना क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है। पुलिस ने दावा किया है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्लभ खनिजों की...

कि अमेरिका की माइनिंग कंपनियों के समूह यूएसआईएसपीए द्वारा झारखंड सरकार के साथ संपर्क स्थापित किया गया है। समूह द्वारा खनिज ब्लॉकों की खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की गई है। विशेष रूप से दुर्लभ खनिजों की खोज, खनन एवं प्रसंस्करण गतिविधियों में रुचि प्रदर्शित की गई है। बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज सहित कई संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### चतरा में 13...

पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 2.567 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए आंकी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अफीम की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस व्यक्ति या गिरोह तक पहुंचाया जाना था। साथ ही, इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य तस्करों और नेटवर्क की पहचान भी की जा रही है। इस कार्रवाई में पत्थलगडा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार, प्रदीप कुमार सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC



Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental surgeon, C.C. Endodontist & Implantologist Certified Orthodonist, MIDA

"Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facliities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दांत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No : 9199533383/7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# 'मलबे से निकली गुड़िया पर जमी खून की बूंदें'

**● साम्राज्यवादी सनक का खूनी महासंग्राम : ट्रंप-नेतन्याहू की 'ईरान फतह' की क्रूर जिद ने मध्य पूर्व को बनाया श्मशान, मध्यावधि चुनाव के खौफ में ट्रंप ने खींचे हाथ, गिड़गिड़ाते नेतन्याहू को बंद कमरे में डांटा!**

**● 857 जलते स्कूलों के मलबे में दफन हुआ मासूम बचपन; पेगासस व इजरायली मिसाइलें चीन-ईरान की तकनीक के आगे ढेर; होर्मुज की नाकेबंदी से बढ़ी वैश्विक महंगाई ने छीना दुनिया के दो अरब गरीबों के मुंह का निवाला!**

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** इतिहास के पन्नों पर जब भी सत्ता के गलियारों में बैठे तानाशाह संप्रभु राष्ट्रों की तकदीर व उनके तेल भंडारों को लूटने का बंद कमरों में नक्शा बनाते हैं, तो उसकी कीमत अग्रिम मोर्चे पर लड़ रहे सैनिकों की लाशें और भूख से बिलखते मासूम बच्चे चुकाते हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कानों में एक आत्मघाती मंत्र फूंका था—"खामेनेई के मरते ही ईरान के बागी गुट हमारे तलवे चाटने लगेंगे, एक महीने में तेहरान पर हमारा कब्जा होगा, वहां अपनी पपेट (कठपुतली) सरकार बिठाएंगे और तेल के कुओं की चाबी वाशिंगटन के हाथ में होगी।" इस लालच व अहंकार में आकर ट्रंप ने इजरायल को बारूद का ऐसा खुला चेक दिया कि देखते ही देखते यह परोक्ष युद्ध सीधे 'अमेरिका बनाम ईरान' के आत्मघाती महासंग्राम में बदल गया। आज छह हफ्तों की उस खूनी तबाही के बाद युद्धविराम तो हो गया है, लेकिन पीछे छूट गया है आधी दुनिया का आर्थिक विनाश व करोड़ों बिलखते परिवारों की अंतहीन चीखें।

**हिंद महासागर का वो काला दिनः भारत की 'मेहमान नवाजी' पर अमेरिकी मिसाइल का प्रहार-** इस युद्ध का सबसे शर्मनाक व रूह कंपा देने वाला अध्याय भारत की दहलीज पर, हिंद महासागर में लिखा गया। भारतीय नौसेना के एक विशेष समारोह में 'राजकीय मेहमान' के तौर पर शामिल होने आया ईरानी नौसैनिक युद्धपोत (आईआरआईएस मकरान और उसके सहयोगी दस्ते) जब उत्सव के बाद वापस ईरान लौट रहा था, तब अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अमेरिकी युद्धपोत ने उस पर गाइडेड मिसाइल दाग दी। पल भर में समुद्र का नीला पानी ईरानी नौसैनिकों के खून से लाल हो गया। इस कायरतापूर्ण हमले में ईरान के 180 से अधिक जांबाज नौसैनिक व उच्च अधिकारी जिंदा जल गए या समंदर की गहराइयों में दफन हो गए।हैरत और अफसोस की बात यह थी कि जब यह हमला हुआ, तो भारत की धरती से मदद नहीं पहुंची। भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका अपनी नौसेना के साथ इन डूबते हुए नौसैनिकों को बचाने और शवों को निकालने के लिए समंदर में कूद पड़ा।

यह कूटनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा 'सरेंडर' था। पाकिस्तान के साथ हुए पिछले तनावों के समय से ही ट्रंप ने भारत को जिस तरह दबाकर रखा है, उसका खौफ इस घटना में साफ दिखा।

**आंकड़े नहीं, ये रूह को कंपा देने वाले जख्म हैं (जून 2026 तक का डेटा)-**
जब हम सत्ता के भूखे हुक्मरानों के इस खेल का डेटा विश्लेषण करते हैं, तो आँखें पथरा जाती हैं:

- **ईरान की बर्बादी:** छह हफ्तों में ईरान को 140 **से 145 अरब डॉलर** का सीधा आर्थिक नुकसान हुआ। **2,076 से अधिक सैनिक और नागरिक** मारे गए, जबकि **26,500 से अधिक लोग** जीवन भर के लिए अपाहिज हो गए।
- **मलबे में तब्दील होते आशियाने:** 1,00,000 से अधिक घर और 23,500 व्यावसायिक दुकानें मलबे का ढेर बन गईं। लाखों परिवार सड़कों पर आ गए।
- **बचपन पर बारूदी प्रहार:** 857 स्कूल व शिक्षा केंद्र, 32 विश्वविद्यालय और 339 अस्पताल जमींदोज कर दिए गए। खोजीर, परचीन, हाकिमिया और शाहरुद जैसे मुख्य सैन्य उत्पादन केंद्र तबाह तो हुए, लेकिन ईरान का हौसला नहीं टूटा।

**"मलबे से निकली गुड़िया पर जमी खून की बूंदें"-** इस युद्ध की सबसे मर्मांतक तस्वीरें तेहरान और शिराज की उन गलियों से आईं, जहां स्थित **857 स्कूलों** पर इजरायली और अमेरिकी मिसाइलें गिरीं। सुबह जो मासूम बच्चियां अपनी सहेलियों के साथ कॉपियां और रंगीन पेंसिलें लेकर स्कूल गई थीं, दोपहर को मलबे से सिर्फ उनकी क्षत-विक्षत लाशें निकलीं। किसी की फ्रॉक खून से सनी थी, तो किसी के नन्हे हाथों में उसकी पसंदीदा गुड़िया अब भी दबी रह गई थी।अपनी बेटियों के बिखरे बस्ते और टूटे हुए जूतों को छाती से लगाकर दहाड़ें मारती माताओं की चीखें कूटनीति के बहरे कानों तक नहीं पहुंचतीं। जिन बच्चों को कल देश का भविष्य बनना था, वे आज बिना हाथ-पैर के अस्पतालों के टूटे बिस्तरों पर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।इस साम्राज्यवादी जंग ने दुनिया के **दो अरब आम और गरीब लोगों की जिंदगी को नरक बना दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz)** की नाकेबंदी के कारण कच्चे तेल की कीमतों में जो आग लगी, उसने वैश्विक स्तर पर महंगाई का वो तांडव रचा कि गरीब की थाली से दाल-रोटी गायब हो गई। अफ्रीका के भूख से तड़पते गांवों से लेकर एशिया व भारत के स्लम इलाकों तक, अनाज, दूध और जीवन रक्षक दवाइयां इतनी महंगी हो गईं कि आज लाखों बेबस माता-पिता अपने बीमार बच्चों को सिर्फ इसलिए दम तोड़ते देखने को मजबूर हैं, क्योंकि उनके पास पैसे नहीं हैं। तानाशाहों की इस जंग ने वैश्विक मानवता को एक दशक पीछे धकेल दिया है।

**चुनाव का खौफ, सड़कों पर विद्रोह व नेतन्याहू को ट्रंप की डांट-** ट्रंप का यह सोचना कि ईरान एक महीने में घुटने टेक देगा, उनकी सबसे बड़ी रणनीतिक भूल साबित हुई। इस युद्ध में अमेरिका के कई आधुनिक युद्धपोत, अरबों डॉलर के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और अत्याधुनिक गोला-बारूद स्वाहा हो गए। सैकड़ों अमेरिकी सैनिकों के शव जब ताबूतों में बंद होकर वॉशिंगटन पहुंचे, तो अमेरिकी जनता का गुस्सा फूट पड़ा।न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया की सड़कों पर लाखों अमेरिकी नागरिक **"Stop This War"** के नारे लगाते हुए उतर आए। चूंकि अमेरिका में **मध्यावधि चुनाव (Midterm Elections)** बिल्कुल सिर पर हैं और ट्रंप को अपनी सत्ता जाती हुई साफ दिख रही थी, इसलिए उन्हें मजबूरी में इस युद्ध को रोकना पड़ा। यह युद्धविराम इजरायल की मर्जी के खिलाफ था। सूत्रों के अनुसार, जब नेतन्याहू ने इसका विरोध किया, तो आगबबूला ट्रंप ने उन्हें फोन पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहाः **"अगर अमेरिका तुम्हारे पीछे नहीं खड़ा होता, तो इजरायल अब तक दुनिया के नक्शे से मिट चुका होता। अपनी हद में रहो और जंग बंद करो!"**

**बदला दुनिया का भूगोलः चीन का महाशक्ति के रूप में राज्याभिषेक-** इस युद्ध ने दुनिया के सामने एक कड़वा और ऐतिहासिक सच उजागर कर दिया है—**इजरायल का विश्व प्रसिद्ध 'पेगासस' जासूसी तंत्र और उसकी अजेय समझी जाने वाली सैन्य तकनीक, ईरान के दृढ़ संकल्प और चीन-रूस के बैक-एंड तकनीकी सहयोग के आगे पूरी तरह नाकाम और कमतर साबित हो गए।** पश्चिमी देशों का एकध्रुवीय (Unipolar) साम्राज्य अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। अमेरिका इस युद्ध में अपने संसाधन और साख गंवाकर कमजोर हुआ है, जबकि **चीन बिना एक भी गोली चलाए दुनिया का सबसे शक्तिशाली 'ग्लोबल अंपायर' बनकर उभरा है।**
मध्य पूर्व से लेकर एशिया तक, अब हर बड़ा आर्थिक और रणनीतिक फैसला बीजिंग की मर्जी से हो रहा है। रूस-चीन-ईरान का यह नया ध्रुवीकरण अमेरिकी दादागिरी के ताबूत की आखिरी कील साबित हुआ है। और इन सबके बीच कागजों पर हुआ यह युद्धविराम उन पिताओं के कंधों का बोझ कम नहीं कर सकता, जिन्होंने अपने मासूम बच्चों के छोटे-छोटे जनाजे उठाए हैं।

## पीएम मोदी 16 महीने बाद ट्रंप से मिले : फ्रांस में जी7 समिट में साथ बैठे, 5 मिनट बात की, कल ट्रेड डील पर बात संभव

**एजेंसी । नई दिल्ली/एवियन**



पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात की। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे। इससे पहले आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी।

दोनों नेता 17 जून की शाम 6:30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रंप, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं मौजूदगी है। साथ ही यह 7वीं बार है जब प्रधानमंत्री इस ग्लोबल फोरम में हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस पहुंचने से पहले, प्रधानमंत्री ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में कुछ देर के लिए रुककर स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की और अपनी यूरोपीय कूटनीतिक यात्रा की शुरुआत की।



ग्रुप फोटो सेशन के बीच मोदी ने इटली की पीएम मेलोनी से मुलाकात की, दो महीने के अंदर यह दोनों की दूसरी मुलाकात है

**जी7 समिट में 12 देशों के नेता हिस्सा ले रहे :** जी7 समिट में इसके सदस्य देशों कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के नेता शामिल होंगे। इसके अलावा यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी इसमें भाग लेंगे। फ्रांस ने समिट में जी7 देशों के अलावा कई अन्य देशों के नेताओं को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज, नासियो लूला दा सिल्वा, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यंग, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो भी शामिल हैं।

## दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनी का फैसला, 'तुरंत होर्मुज नहीं भेजेंगे जहाज'



**नई दिल्ली ।** यूएस-ईरान पीस डील पर सहमति बनने के बाद भी दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनी ने फिलहाल होर्मुज से अपने जहाज न भेजने का ऐलान किया है। जापान की मित्सुई ओएसके लाइन्स (एमओएल) का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होने के बावजूद जहाज मालिक तुरंत होर्मुज से अपने जहाज नहीं भेजेंगे। फाइनेंशियल टाइम्स से बात करते हुए कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोतारो तमूरा ने कहा कि शिपिंग कंपनियां तब तक इंतजार करेंगी, जब तक उन्हें यह विश्वास नहीं हो जाता कि अमेरिका-ईरान समझौता सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका असर जमीन पर भी दिख रहा है। तमूरा ने कहा, "सिर्फ संबंधित देशों के बीच कोई साधारण समझौता हो जाना अपने आप में काफी नहीं होगा। जरूरी यह है कि उसका असर होर्मुज के वास्तविक हालात में भी साफ तौर पर दिखाई दे। ऐसा हुआ तभी शिपिंग कंपनियां वहाँ से दोबारा सुरक्षित और निश्चिंत होकर अपने जहाज गुजारने का फैसला कर पाएंगी। उनके अनुसार, होर्मुज से तेल टैंकरों और मालवाहक जहाजों की सामान्य आवाजाही बहाल होने में अभी कई सप्ताह लग सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते की घोषणा के साथ ही दावा किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर गुजरने का मार्ग अब "सुरक्षित, संरक्षित और पूरी तरह सामान्य" है।

## इमरान खान को पांचवीं बार इलाज के लिए ले जाया गया अस्पताल

### बहन अलीमा ने उठाए सवाल

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान महीनों से आंखों की तकलीफ से जूझ रहे हैं। सोमवार को जेल प्रशासन इलाज के लिए पांचवीं बार उन्हें अस्पताल ले गया। अब उनके परिवार ने इस मामले को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने मंगलवार को कहा कि सरकार की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी पर उन्हें रत्ती भर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 15 जून की सुबह उन्हें जानकारी मिली कि इमरान खान को एक बार फिर पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (पीआईएमएस) ले जाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल की ओर से पहले भी इमरान खान की स्थिति को लेकर "संदिग्ध दावे" किए गए हैं, जिनमें यह कहा गया था कि उनकी 90 प्रतिशत दृष्टि ठीक हो चुकी है, जबकि इमरान खान ने स्वयं इन दावों को खारिज किया था। अलीमा खान ने सवाल उठाया कि आखिर इमरान खान को पांचवीं बार इंजेक्शन की जरूरत क्यों पड़ रही है और मांग की कि उनका इलाज स्वतंत्र और योग्य विशेषज्ञों से शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल, इस्लामाबाद में कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से उनके अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है और अदालत के आदेशों के बावजूद परिवार को उनसे नियमित रूप से मिलने नहीं दिया जा रहा। अलीमा खान ने दावा किया कि अदालत ने इमरान खान से हर मंगलवार छह परिवार के सदस्यों को मिलने की अनुमति दी थी, लेकिन पिछले कई महीनों से इस आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

इमरान खान को जेल मैनुअल के अनुसार कई अधिकार प्राप्त हैं, जिनमें परिवार से नियमित मुलाकात, वकीलों से संपर्क, किताबें और समाचार तक पहुंच, तथा उचित चिकित्सा सुविधा शामिल हैं, लेकिन इन अधिकारों का पालन नहीं हो रहा। प्रमुख अंग्रेजी दैनिक डॉन के अनुसार, अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इमरान खान को सोमवार को फॉलो-अप इलाज के लिए पीआईएमएस लाया गया था, जहां उन्हें आंखों की बीमारी के लिए एक और एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस

प्रति वर्ष मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस पर हम भूमि और जल के महत्व पर चिंतन करते हैं। मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस 2026 का विषय "चारागाह पहचानें। सम्मान करें। पुनर्स्थापित करें" है। यह हमें दर्शाता है कि पृथ्वी की आधी से अधिक सतह को आच्छादित करने वाले चारागाह खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और जलवायु सहनशीलता बनाए रखने में कितने महत्वपूर्ण हैं। कई पीढ़ियों से पशुपालक और आदिवासी समुदाय अपनी संरक्षकता के माध्यम से इन भू-भागों की सुरक्षा करते आए हैं।

झारखण्ड राज्य जो समृद्ध वनों, उपजाऊ मिट्टी और विविध पारिस्थितिक तंत्रों से संपन्न है, आज वनों की कटाई, भूक्षरण और जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ये खतरे हमारे कृषि, जल संसाधनों और असंख्य परिवारों की आजीविका को प्रभावित कर रहे हैं। वैश्विक समुदाय का हिस्सा होने के नाते हमें अपनी भूमि के मूल्य को पहचानना होगा, पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करना होगा और बंजर क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करना होगा ताकि एक सतत् भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी भूमि का स्वास्थ्य हमारे लोगों की समृद्धि से जुड़ा हुआ है। जल संरक्षण, वनों की रक्षा, पर्यावरण से अनुकूल खेती अपनाने और भूमि क्षरण को रोकने के माध्यम से हम झारखण्ड की प्राकृतिक संपदा को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। हमारी भूमि ही हमारा जीवन है और इसे पहचान कर, सम्मान देकर और पुनर्स्थापित करके हम न केवल अपने पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं।

जोहार !

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड

PR No. 382549 (Forest, Environment and Climate Changes) 2026-27